## समरीलाल के मामले में हाइकोर्ट 4 मई को होगी सुनवाई

**रांची।** राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 4 मई निर्धारित की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं। बता दे कि पूर्व में हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल याचिका स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था।

# शराब घोटाले में संलिप्त अफसरों और सलाहकारों पर केस दर्ज हो : बाबूलाल

## कई बार पत्र लिखा, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, 450 करोड़ के राजस्व की क्षति हो गयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी शराब कंसलटेंट, सप्लायरों और उत्पाद विभाग ने मिलकर सरकारी राजस्व को 450 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा पंहुचाया है। श्री मरांडी गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में भारी व्याप्त गड़बड़ियों को लेकर उन्होंने शुरुआती दिनों से लेकर कई बार मुख्यमंत्री से पत्राचार किया। बावजूद इसके दोषी पदाधिकारियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होना संदेह को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि कायदे से जिन पदाधिकारियों ने गलत सलाह दी, उन पर



कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन, लगातार सचेत करने के बाद भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। हमारी मांग है कि जिन अफसरों की मिलीभगत से राज्य को 450 करोड़ रुपए के राजस्व की क्षति हुई है उन पर एफआईआर दर्ज हो। राज्य हित में उन एजेंसियों से भी इस मामले में कार्रवाई का आग्रह है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार तब सक्रिय हुई जब छत्तीसगढ़ में ईडी का छापा पड़ा और कई सुराग मिले। झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग के सचिव और आयुक्त को नोटिस दिया गया। तब जाकर मामले में हड़कंप मचा। आश्चर्य तो इस बात का है कि 450 करोड़ रुपए रिकवर का नोटिस दिया जाता है और काम भी उन्हीं से लिया जाता है। उत्पाद विभाग ने इनको 450 करोड़ जुर्माना का नोटिस ऐसे वक्त पर लगाया है, जब इनकी अवधि का मात्र 10-12 दिन ही बची हुई है। आज भी सरकार इन्ही एजेंसियों से काम करवा रही हैं। इससे सरकार की मंशा को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शराब घोटाला एक बड़ा भ्रष्टाचार के रूप में सामने आया है। हमने इस संदर्भ में कई बार पत्र लिखा, पर सरकार कुंभकर्णी निंद्रा में सोई रही। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के तमाम मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है। उसमें एक बड़ा मुद्दा करप्शन का है। उन्होंने कहा कि हम जब सरकार को पत्र के माध्यम से राज्य में व्याप्त गड़बड़ियों को लेकर सचेत करते हैं तो उस पर कार्रवाई की बजाय हमें पत्रवीर की उपाधि दी जाती है। स्वाभाविक है कि जब मुख्यमंत्री मामलों पर संज्ञान नहीं लेंगे तो उन्हें भी इसकी सजा देर सबेर भुगतनी ही पड़ेगी। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, सरोज सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## समाहरणालय, गिरिडीह
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार
### अधिघोषणा
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा बलहारा **(SH-13पर)**–पटना–पिहरा–खेरदा **(MDR-113 पर)** पथ (कुल लं0 34.780 कि0मी0) एवं पटना–गांवा लिंक पथ (कुल लं0–2.17 कि0मी0) कुल लं0 36.950 कि0मी0 के पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) हेतु ग्राम–जमडार, थाना–गावाँ, थाना सं0–222, अंचल–गावाँ, जिला–गिरिडीह में कुल **2.3340** एकड़ यानि **0.9445** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपयुर्क्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोबेश **2.3340** एकड़ यानि **0.9445** हेक्टेयर है और जो ग्राम–जमडार, थाना–गावाँ, थाना सं0–222, अंचल–गावाँ, जिला–गिरिडीह में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र.सं. | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121 | 25 | 607/1 | रैयती | टांड़ एक | 0.0117 | प्रकाश साव पिता स्व0 किशुन साव | 607 | 607 | 602 | 610 |
| 122 | 25 | 607/2 | रैयती | टांड़ एक | 0.0103 | रघु साव पिता स्व0 किशुन साव | 607 | 607 | 602 | 610 |
| 123 | 25 | 607/3 | रैयती | टांड़ एक | 0.0160 | अमिया देवी पति भुनेश्वर ठाकुर | 607 | 607 | 602 | 610 |
| 124 | 38 | 702/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0030 | उमेश प्रसाद साव वो गौरी शंकर साहु पिता स्व0 गणेश साहु | 702 | रास्ता | 703 | 607 |
| 125 | 38 | 702/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0030 | प्रयाग साव पिता स्व0 रामजी साव | 702 | रास्ता | 703 | 607 |
| 126 | 38 | 702/3 | रैयती | टांड़ दो | 0.0220 | बबली देवी पति संजय साव वो सुनीता देवी पति मोती साव | 702 | रास्ता | 703 | 607 |
| 127 | 38 | 703/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0050 | सुनिता देवी पति मोती साव | 703 | रास्ता | 704 | 702 |
| 128 | 38 | 703/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0098 | बबली देवी पति संजय साव | 703 | रास्ता | 704 | 702 |
| 129 | 38 | 703/3 | रैयती | टांड़ दो | 0.0067 | सुनिता देवी पति राजेन्द साव | 703 | रास्ता | 704 | 702 |
| 130 | 38 | 703/4 | रैयती | टांड़ दो | 0.0065 | प्रयाग साव पिता स्व0 रामजी साव वो उमेश साव वगै0 पिता स्व0 गणेश साव | 703 | रास्ता | 704 | 702 |
| 131 | 36 | 704/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0108 | लक्ष्मण साव वो चन्दन साव वो जगन साव पिता स्व0 दशरथ साव वो मनोहर साव पिता स्व0 बैजनाथ साव वो किशो साव वो वंशी साव वो प्रकाश साव वो लखन साव पिता स्व0 प्रमेश्वर साव | 704 | रास्ता | 716 | 703 |
| 132 | 36 | 704/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0052 | मनोज साव वगै0 पिता स्व0 डोमीलाल साव वो हीरालाल साव वो नंदलाल साव वो दीनालाल साव पिता स्व0 जगदीश साव | 704 | रास्ता | 716 | 703 |
| 133 | 2 | 716/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0028 | मनोज साव वगै0 पिता स्व0 डोमीलाल साव वो हीरालाल साव वो नंदलाल साव वो दीनालाल साव पिता स्व0 जगदीश साव | 716 | रास्ता | 717 | 704 |
| 134 | 2 | 716/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0018 | महेश साव पिता स्व0 शुकर साव | 716 | रास्ता | 717 | 704 |
| 135 | 2 | 716/3 | रैयती | टांड़ दो | 0.0018 | पन्नालाल साव पिता स्व0 शुकर साव | 716 | रास्ता | 717 | 704 |
| 136 | 2 | 716/4 | रैयती | टांड़ दो | 0.0018 | किस्टो साव पिता स्व0 शनिचर साव | 716 | रास्ता | 717 | 704 |
| 137 | 2 | 716/5 | रैयती | टांड़ दो | 0.0018 | रेखा देवी पति धनश्याम सुंदर | 716 | रास्ता | 717 | 704 |
| 138 | 13 | 717 | रैयती | टांड़ एक | 0.0070 | हेमराज साव वगै0 पिता स्व0 भिखारी साव | 717 | रास्ता | 720 | 716 |
| 139 | 17 | 720/1 | रैयती | कृषि | 0.0075 | जागेश्वर साव वगै0 पिता स्व0 बालेश्वर साव वो बहादुर साव वगै0 पिता स्व0 श्यामलाल साव | 720 | रास्ता | 722 | 717 |
| 140 | 17 | 720/2 | रैयती | कृषि | 0.0145 | मनोज साव पिता स्व0 डोमी साव वो हीरालाल साव वो नन्दलाल साव वो दीनालाल साव पिता स्व0 जगदीश साव | 720 | रास्ता | 722 | 717 |
| 141 | | 722 | रैयती | कृषि | 0.0140 | जागेश्वर साव पिता स्व0 बालेश्वर साव वो अरविन्द साव वगै0 पिता राजो साव | 722 | रास्ता | 723 | 720 |
| 142 | | 723/1 | रैयती | कृषि | 0.0070 | उमेश प्रसाद साहा वो गौरी शंकर साहु पिता स्व0 गणेश साहु | 723 | रास्ता | 724 | 722 |
| 143 | | 723/2 | रैयती | कृषि | 0.0070 | भोला साव पिता स्व0 रामजी साव | 723 | रास्ता | 724 | 722 |
| 144 | 37 | 725 | रैयती | मकान एक सहन एक | 0.0080 | उमेश प्रसाद साहा वो गौरी शंकर साहु पिता स्व0 गणेश साहु वो यमुना प्रसाद मोदी पिता स्व0 बासुदेव मोदी | 725 | रास्ता | 726 | 724 |
| 145 | 37 | 726 | रैयती | टांड़ एक | 0.0060 | यमुना मोदी पिता स्व0 बासुदेव मोदी वो उमेश साव वगै0 पिता स्व0 गणेश साव | 725 | रास्ता | 747 | 725 |
| 146 | 29 | 745 | रैयती | टांड़ एक | 0.0040 | यमुना मोदी पिता स्व0 बासुदेव मोदी | 745 | रास्ता | 749 | 747 |
| 147 | 30 | 749 | रैयती | मकान दो सहन एक | 0.0120 | शिव मंदिर | 749 | रास्ता | 750 | 745 |
| 148 | 39 | 750/1 | रैयती | टांड़ एक | 0.0071 | भोला साव वो बैजनाथ साव वो प्रयाग साव वो दामोदर साव वो राधेलाल साव वो मुकुल साव पिता स्व0 रामजी साव | 750 | रास्ता | 753 | 751 |
| 149 | 39 | 750/2 | रैयती | टांड़ एक | 0.0053 | भोला साव वो बैजनाथ साव वो प्रयाग साव वो दामोदर साव वो राधेलाल साव वो मुकुल साव पिता स्व0 रामजी साव | 750 | रास्ता | 753 | 751 |
| 150 | 39 | 750/3 | रैयती | टांड़ एक | 0.0036 | भोला साव वो बैजनाथ साव वो प्रयाग साव वो दामोदर साव वो राधेलाल साव वो मुकुल साव पिता स्व0 रामजी साव बनाम बासुदेव मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 750 | रास्ता | 753 | 751 |
| 151 | 26 | 753/1 | रैयती | कृषि | 0.0030 | बासुदेव मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 753 | रास्ता | 754 | 750 |
| 152 | 26 | 753/2 | रैयती | कृषि | 0.0030 | केदार मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 753 | रास्ता | 754 | 750 |
| 153 | 26 | 753/3 | रैयती | कृषि | 0.0030 | सीताराम मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 753 | रास्ता | 754 | 750 |
| 154 | 39 | 751 | रैयती | मकान तीन सहन एक | 0.0040 | अज्ञात | 751 | रास्ता | 750 | 749 |
| 155 | 26 | 754/1 | रैयती | कृषि | 0.0084 | विरेन्द मोदी पिता स्व0 रामधनी मोदी | 754 | रास्ता | 758 | 753 |
| 156 | 26 | 754/2 | रैयती | कृषि | 0.0083 | रोहित मोदी पिता स्व0 रामधनी मोदी | 754 | रास्ता | 758 | 753 |
| 157 | 26 | 754/3 | रैयती | कृषि | 0.0083 | सुरेन्द मोदी पिता स्व0 रामधनी मोदी | 754 | रास्ता | 758 | 753 |
| 158 | 38 | 758 | रैयती | टांड़ एक | 0.0110 | उमेश साव वगै0 पिता स्व0 गणेश साव | 758 | रास्ता | 758 | 754 |
| 159 | 38 | 760 | रैयती | कृषि | 0.0150 | राजेश कु0 गुप्ता वो गौतम कुमार गुप्ता पिता श्री प्रयाग प्रसाद साहा | 760 | रास्ता | 761 | 759 |
| 160 | 38 | 761/1 | रैयती | कृषि | 0.0063 | रविशंकर मोदी पिता स्व0 मदन मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 161 | 38 | 761/2 | रैयती | कृषि | 0.0063 | काशी मोदी पिता स्व0 हरी मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 162 | 38 | 761/3 | रैयती | कृषि | 0.0063 | राजेन्द्र मोदी पिता स्व0 बासुदेव मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 163 | 38 | 761/4 | रैयती | कृषि | 0.0075 | प्रकाश मोदी वो विनोद प्रसाद मोदी पिता स्व0 बाबु मोदी वो शकुन्तला देवी पति स्व0 सीताराम मोदी वो शकुन्तला देवी पति स्व0 महेन्द्र मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 164 | 38 | 761/5 | रैयती | कृषि | 0.0077 | आशा देवी पति स्व0 राजकुमार मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 165 | 38 | 761/6 | रैयती | कृषि | 0.0119 | अखिलेश कुमार पिता स्व0 सहदेव मोदी | 761 | रास्ता | 753 | 760 |
| 166 | 28 | 920 | रैयती | टांड़ एक | 0.0030 | हीरालाल गुप्ता पिता स्व0 रामा साव बनाम महेश साव वो पन्नालाल साव पिता स्व0 शुकर साव | 920 | रास्ता | 921 | 717 |
| 167 | 26 | 922/1 | रैयती | टांड़ तीन | 0.0040 | दिगंबर प्रसाद मोदी वो राजेन्द्र मोदी वो सुधीर मोदी वो किशोर मोदी पिता स्व0 वासुदेव मोदी वो अमोग कुमार पिता स्व0 मनोज मोदी | 922 | रास्ता | 925 | 921 |
| 168 | 26 | 922/2 | रैयती | टांड़ तीन | 0.0040 | प्रकाश मोदी वो विनोद प्रसाद मोदी पिता स्व0 बाबु मोदी वो शकुन्तला देवी पति स्व0 सीताराम मोदी वो शकुन्तला देवी पति स्व0 महेन्द्र मोदी | 922 | रास्ता | 925 | 921 |
| 169 | 4 | 925/1 | रैयती | टांड़ एक | 0.0033 | चम्पा देवी पति किस्टो साव | 925 | रास्ता | 926 | 922 |
| 170 | 4 | 925/2 | रैयती | टांड़ एक | 0.0033 | महेश साव वो पन्नालाल साव पिता स्व0 शुकर साव | 925 | रास्ता | 926 | 922 |
| 171 | 4 | 925/3 | रैयती | टांड़ एक | 0.0034 | विजय साव वो महेन्द्र साव वो राजेन्द्र साव वो बिरेन्द्र साव पिता स्व0 झुमी साव | 925 | रास्ता | 926 | 922 |
| 172 | 26 | 924 | रैयती | टांड़ दो | 0.0130 | हरिहर मोदी पिता स्व0 दयाल मोदी वो रामविलास मोदी पिता स्व0 दयाल मोदी | 924 | रास्ता | 927 | 926 |
| 173 | 14 | 927/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0054 | सुखदेव मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 927 | रास्ता | 931 | 924 |
| 174 | 14 | 927/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0046 | महेन्द्र साव पिता स्व0 झुमी साव | 927 | रास्ता | 931 | 924 |
| 175 | 28 | 931 | रैयती | टांड़ दो | 0.0090 | शिवनारायण मोदी वो शंभु मोदी वो धुवलाल मोदी वो मुन्ना मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी | 931 | रास्ता | 932 | 927 |
| 176 | 4 | 932 | रैयती | टांड़ दो | 0.0040 | पिंटु मोदी पिता श्री सुखदेव मोदी | 932 | रास्ता | 933 | 931 |
| 177 | 9 | 933 | रैयती | टांड़ दो | 0.0020 | काशी मोदी पिता स्व0 हरी मोदी | 933 | रास्ता | 935 | 932 |
| 178 | 7 | 937/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0049 | काशी मोदी पिता स्व0 हरी मोदी | 937 | रास्ता | 938 | 935 |
| 179 | 7 | 937/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0049 | सुखदेव मोदी पिता स्व0 भिखो मोदी | 937 | रास्ता | 938 | 935 |
| 180 | 7 | 937/3 | रैयती | टांड़ दो | 0.0092 | राजेन्द्र मोदी पिता स्व0 बासुदेव मोदी | 937 | रास्ता | 938 | 935 |
| 181 | 35 | 938 | रैयती | टांड़ दो | 0.0130 | उमेश मोदी वो रामानन्द मोदी वो अखिलेश मोदी पिता स्व0 सहदेव मोदी वो सौरभ कुमार पिता स्व0 राजकुमार मोदी | 938 | रास्ता | 940 | 938 |
| 182 | 9 | 940/1 | रैयती | टांड़ दो | 0.0184 | उमेश साव वगै0 पिता स्व0 गणेश साव | 940 | रास्ता | 945 | 940 |
| 183 | 9 | 940/2 | रैयती | टांड़ दो | 0.0160 | दामोदर साव पिता स्व0 रामजी साव | 940 | रास्ता | 945 | 940 |
| 184 | 9 | 940/3 | रैयती | टांड़ दो | 0.0066 | अज्ञात | 940 | रास्ता | 945 | 940 |
| 185 | | 945 | रैयती | कृषि | 0.0050 | इमामबाड़ा | 945 | रास्ता | 946 | 940 |

लगातार जारी है–

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :

ग्राम–**X**, थाना– **X**, थाना सं0– **X**, अंचल–**X** जिला–**X** क्षेत्रफल–**X** एकड़ यानि **X** हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी गिरिडीह के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार निचे दिये गये है :–

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गिरिडीह** | **अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह** | PR 295555 Land Reforms (23-24)_D | **समाहर्त्ता, गिरिडीह**

# हाइकोर्ट ने पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग और परिवहन पर लगी रोक हटायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली है। लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाईकोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगी, यानी ये कंपनियां अपनी माइनिंग गतिविधियां उक्त 3 जिलों

**महाधिवक्ता के आग्रह पर कोर्ट ने संशोधित आदेश किया पारित, अवैध माइनिंग पर रोक रहेगी जारी**

में कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि उक्त तीनों जिला में कोर्ट के आदेश के से पूर्ण रूप से माइनिंग गतिविधियों जिनमें कोयला, बॉक्साइट, आयरन, अयस्क आदि भी शामिल है। उनके खनन और परिवहन पर भी रोक लग गई है। बहुत सारी ऐसी कंपनियां है जो लीगल रूप से वहां पत्थर, कोयला, बॉक्साइट, लौह अयस्क बालू आदि का माइनिंग कर रही है। उन्हें सरकार की ओर से लीज और खनन के लिए लाइसेंस भी मिला हुआ है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को वैध माइनिंग करने वालों कंपनियों की सूची भी सौंपी और वैध रूप से माइनिंग करने वाली कंपनियों को खनन एवं परिवहन का अनुमति देने का आग्रह किया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उक्त तीनों जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक तीनों जिलों में वैध और अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गई है। जिसकी अध्यक्षता आईजी पुलिस सीआईडी कर रहे हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की थी।

## दो दिनों में तापमान चार डिग्री तक गिरेगा, लोगों को राहत की उम्मीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गर्मी और लू की चपेट में पूरा राज्य है। सुबह नौ बजे के बाद से तापमान में अधिकता देखी जा रही है। जहां लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने भी इस संबंध में अलर्ट जारी कर रखा है। झारखंड में गर्मी और हिट वेव से लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। वहीं एक-दो जगहों पर उष्ण लहर (हिट वेब) भी चला। गोड्डा में उच्चतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि रामगढ का न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**चलेंगी तेज हवाएं, तापमान में आयेगी गिरावट :** मौसम विभाग की माने तो 22 और 23 अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होगी। इस दौरान थंडरिंग के साथ तेज हवाएं चलेंगी। जो 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। बारिश और थडरिंग के कारण राज्य के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की संभावना व्यक्त की गयी है। जिसमें बताया गया है कि इससे लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन इसके बाद गर्मी में फिर से वृद्धि की संभावना दर्ज की जायेगी।

### इन इलाकों में बारिश की संभावना

इस दौरान रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूग, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

## रामगढ़ में जल संकट दूर करने की तैयारी

**रांची।** रामगढ़ में पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। जुडको (झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्र र डेवलपमेंट कंपनी, झारखंड) ने इसके लिए पहल की है। जल संकट से निजात दिलाने के लिए बड़ी राशि निर्धारित की है। उसकी ओर से इसके लिए 492,52,99,583 रुपये (492 करोड़, बावन लाख बयानवे हजार 583 रुपये) खर्च किए जाने की तैयारी है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। हालांकि पहले भी दो बार इसके लिए टेंडर जारी हुआ था। अभी जारी टेंडर के आधार पर वाटर सप्लाई स्कीम का लाभ रामगढ़ नगर परिषद को मिलेगा। इससे रामगढ़ कैंटोनमेंट बोर्ड एरिया को भी फायदा होना है। जुडको के स्तर से जारी टेंडर के मुताबिक केवल ई-टेंडर ही स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर 25 हजार रुपये लगेंगे जो नन रिफंडेबल होंगे।

## खबर एक नजर में

### झारखंड में साइबर क्राइम मामले में हाइकोर्ट ने गृह मंत्रालय और ट्राई से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) की ओर से कोर्ट को बताया कि साइबर अपराध उसके क्षेत्राधिकार का विषय नहीं है, यह विषय नीतिगत फैसले से जुड़ा है जो की भारत सरकार के गृह मंत्रालय के क्षेत्राधिकार में आता है। इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में ट्राई और भारत सरकार के गृह मंत्रालय को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 जून निर्धारित की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में ट्राई को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट ने पूर्व में प्रार्थी के हस्तक्षेप याचिका (आईए) के आलोक में ईडी से भी पूछा था कि देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटनाओं में कितने साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई और कितने साइबर अपराधियों की प्रॉपर्टी सीज की गई है। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड के देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर झारखंड से साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराधी झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का साइबर सेल है लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, इन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

### पीआइएल के बढ़ते मामले से हाइकोर्ट खफा, कहा तीन-चार वर्षो में इसमें अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी

**रांची।** माओवादियों को लेवी वसूली के लिए झारखंड में कार्यालय उपलब्ध कराने आग्रह करने वाली अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को कड़ी मौखिक टिप्पणी की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि झारखंड हाईकोर्ट में पिछले तीन–चार वर्षो में जनहित याचिका (पीआईएल) फाइल करने में मिसयूज हुआ है। इतनी जनहित याचिका शायद ही किसी राज्य में फाइल होता है। कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए प्रार्थी के अधिवक्ता ने जनहित याचिका को वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से अधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की है। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड में माओवादियों के लिए एक कार्यालय स्थापित करने का आदेश दिया जाए ताकि लेवी वसूली का काम सुचारू ढंग से हो सके। इस पर सरकार की ओर से कहा गया इस तरह का जनहित याचिका में मांग करना जायज नहीं है यह हाईकोर्ट की गरिमा के खिलाफ है।

### राजधानी के अपर बाजार में सुगम यातायात को लेकर नयी व्यवस्था की सरकार ने हाइकोर्ट को दी जानकारी

**रांची।** राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कॉमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने एवं संकरी गली के कारण आए दिन होने वाले जाम की स्थिति को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। एसएसपी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। इसमें कोर्ट को बताया गया की अपर बाजार में सुगम यातायात के लिए वनवे की व्यवस्था की गई थी इसके अलावा अपर बाजार सहित शहर के अन्य सड़कों का अतिक्रमण करने वाले वाहनों को भी जब्त किया गया और उनका चालान काटा गया। रांची शहर में हो रहे नए ब्रिज के निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के लिए अपर बाजार में अभी वनवे की व्यवस्था को कुछ दिनों के लिए हटाया गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। इससे पूर्व कोर्ट ने पिछली सुनवाई में पूछा था कि कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में अब तक क्या – क्या कार्रवाई की गई है। उसकी अद्यतन स्थिति कोर्ट ने सचिव, नगर विकास विभाग, रांची एसएसपी एवं ट्रैफिक एसपी से मांगी थी। अपर बाजार में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए क्या–क्या उपाय किए गए। डीजी फायर को भी कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अपर बाजार के क्षेत्र में कितने भवनों में आग से बचाव के लिए उपाय किए गए हैं। मामले को लेकर सेंटर फॉर आरटीआई की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

# बकोरिया कांड में पुलिस को मिली क्लीन चिट

## सीबीआइ ने सात सौ से अधिक पेज में दी क्लोजर रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची/पलामू। चर्चित बकोरिया मुठभेड़ एक बार फिर से देश भर में चर्चा का केंद्र बन गया है। सीबीआई ने मामले में 700 पेज से अधिक की क्लोजर रांची के स्पेशल सीबीआई कोर्ट में यह क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। क्लोजर रिपोर्ट के बारे में बकोरिया मुठभेड़ मामले में शिकायतकर्ता को जानकारी दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट में पुलिस और सुरक्षाबलों को क्लीन चिट दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टॉप माओवादी आरके उर्फ अनुराग समेत 12 अन्य की जान पुलिस नक्सली इनकाउंटर में गई है।

**एफएसएल की रिपोर्ट बना आधार :** सीबीआई ने पूरे मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट को आधार बनाया है। सीबीआई कि फॉरेंसिक टीम ने 2019-20 में घटनास्थल का जायजा लिया था। इस दौरान मौके से मिप्टी आदि के नमूने भी लिए लिए थे। इसके बाद गोली, कपड़े आदि का भी सैंपल लिया था। मुठभेड़ के बाद अभियान में शामिल जवानों ने शवों का फोटो लिया था। उस फोटो को भी एफएसएल की टीम ने रिकवर किया था। एफएसएल की टीम ने कुछ महीने पहले सीबीआई की जांच टीम को अपनी रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी की मुठभेड़ में जान गई है।

**हाईकोर्ट की निगरानी में हो रही थी जांच :** गौरतलब हो कि 08 जून 2015 को पलामू के सतबरवा के भलवही घाटी में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ टॉप माओवादी आरके यादव उर्फ अनुराग, उसका बेटा, भतीजा, मनिका के पारा शिक्षक उदय यादव, उसके रिश्तेदार नीरज यादव समेत 12 की जान गई थी। पुलिस ने हथियार और भारी मात्रा में गोली बरामद किया था। पारा शिक्षक उदय यादव के पिता ने मुठभेड़ पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया था। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई पूरे मामले की जांच कर रही थी। दिसंबर 2018 से पूरे मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की थी।

## बकोरिया कांड में तेजी से जांच करने पर हटाया गया था आईपीएस एमवी राव को

**कुबेर सिंह**

**रांची।** बकोरिया कांड का तेजी से जांच करने के मामले में तत्कालीन सरकार ने तत्कालीन सीआईडी के एडीजी एमवी राव को तबादला कर दिया था। खुद एमवी राव ने तबादले के बाद खुलासा किया था कि उनका तबादला पलामू के बकोरिया काड की जांच तेज करने की वजह से हुआ है। एमवी राव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय सहित राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सनसनी फैला दी थी। पत्र में एमवी राव ने लिखा था कि बकोरिया कांड में डीजीपी ने जांच धीमी करने का निर्देश दिया था। डीजीपी ने कहा था कि न्यायालय में किसी के आदेश से चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि, उस वक्त डीजीपी के इस आदेश का विरोध करते हुए जांच की गति सुस्स करने, साक्ष्यों को मिटाने और फर्जी साक्ष्य बनाने से इनकार कर दिया था। इसके तुरंत बाद एमवी राव का तबादला सीआइडी से नई दिल्ली स्थित ओएसडी कैंप में कर दिया गया था।

**घेरे में आये थे पूर्व डीजीपी डीके पांडेय :** गौरतलब हो कि पलामू के सतबरवा ओपी के बकोरिया गांव में 8 जून 2015 की रात हुई पुलिस मुठभेड़ की जांच सीबीआई करने का फैसला हाईकोर्ट ने लिया था। इसे फर्जी बताने वाली जवाहर यादव की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया था। बकोरिया समेत पुलिस से जुड़े कुछ अन्य मामलों की पैरवी के लिए डीजीपी की इच्छा से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन की नियुक्ति विशेष अधिवक्ता के रूप में की गई थी। बावजूद इसके पुलिस को इस मामले में बड़ा झटका लगा था।

याचिकाकर्ता जवाहर यादव ने कोर्ट को बताया था कि उनके पारा शिक्षक पुत्र उदय यादव व एक रिश्तेदार नीरज यादव को कुछ लोग 8 जून 2015 की रात घर से जबरन उठाकर ले गए थे। 10 जून को उनकी हत्या की सूचना मिली। 10 अन्य लोग भी मारे गए थे। सीआईडी ने ढाई साल बाद मृतकों की शिनाख्त की थी। इनमें दो माओवादी जोनल कमांडर देवराज यादव उर्फ डॉक्टर उर्फ अनुरागजी और अमलेश की क्रिमिनल हिस्ट्री थी। वहीं 10 अन्य को एक संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के आधार पर नक्सली बताया गया था।





ईद बाजार : ईद को लेकर खरीदारी करते लोग, वहीं देर शाम को राजधानी के मेन रोड पर लगा ईद बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़। फोटो : समीर

## वकील मर्डर केस में इमदाद को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** मनोज झा हत्याकांड के आरोपी इमदाद अंसारी को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। इमदाद की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता मोख्तार खान ने बहस की। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने इमदाद की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। बता दें कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## सीबीआइ कोर्ट में डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पूरी, फैसला 24 को

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को 100 करोड़ रुपये के मिड डे मील फंड गबन मामले के आरोपी बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय कुमार तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प›ात आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना फैसला 24 अप्रैल को सुनाएगी। आरोपी की ओर से उनके अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बहस की। मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख निर्धारित है। इसी मामले में एसबीआई हटिया शाखा का तत्कालीन प्रबंधक अजय उरांव की डिस्चार्ज अर्जी पिछले दिनों अदालत ने खारिज कर दी थी। मालूम हो कि एसबीआई की हटिया शाखा से मिड डे मील के 100 करोड़ रुपये का गबन पांच अगस्त 2017 को किया गया था।

## न्यूज चैनल हत्याकांड में थाना प्रभारी की गवाही

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में गुरुवार को अशोक नगर स्थित एक न्यूज चैनल के कार्यालय में दो सगे बंधुओं की हत्याकांड से जुड़े चार साल पुराने में जांच अधिकारी सह अरगोड़ा थाना प्रभारी बिनोद कुमार की गवाही दर्ज की गई। उन्होंने जांच के दौरान मिले बरामद सामग्री समेत अन्य को चिन्हित किया। एफएसएल रिपोर्ट को भी प्रूफ किया। 26 अप्रैल को भी गवाही जारी रहेगी। मामले में अब तक 19 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना का अंजाम देने के बाद लगभग 21 महीने तक फरार रहा। पुलिस की दबिश पर नौ मार्च 2020 को अदालत में सरेंडर किया। तब वह जेल में है। मामले में लोकेश चौधरी के साथ रवि शंकर लालए सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार तिवारी ट्रायल फेस कर रहा है। लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी व्यवसायी हेमंत अग्रवाल व महेंद्र अग्रवाल को छह मार्च 2019 को अपने दफ्तर में बुलाया था और विवाद होने पर दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# एक सप्ताह से चली आ रही बिजली संकट में फिलहाल थोड़ी राहत

### झारखंड में फिलहाल बिजली संकट खत्म, मांग के अनुरूप हो रही आपूर्ति

## जेबीवीएनएल निदेशक ने सभी एरिया बोर्ड के जीएम और एसइ को दिये निर्देश

### कम समय में लोकल फॉल्ट की समस्या से निबटने के दिये निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में एक सप्ताह से चली आ रही एनर्जी क्राइसिस फिलहाल दूर होने का दावा विभाग ने किया है। बताया जा रहा है कि इंडियन एनर्जी एक्सचेंज से करीब 400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली लेकर झारखंड में बिजली समस्या को दूर कर दिया गया है। गुरुवार को दिन में डिमांड के अनुरूप पर्याप्त बिजली उपलब्ध रही। राज्य के सभी 57 ग्रिड, सबस्टेशनों को फुल लोड बिजली मिली। कहीं से पावर क्राइसिस के कारण लोड शेडिंग की बात सामने नहीं आयी। यहां तक की डीवीसी कमांड एरिया में भी डिमांड के अनुरूप आपूर्ति हुई। डीवीसी कमांड एरिया में भी पावर क्राइसिस फिलहाल खत्म हो गई है। धनबाद सहित पूरे डीवीसी कमांड एरिया में फुल लोड बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा संचरण के एमडी और जेबीवीएनएल के डिस्ट्रब्यूशन एंड प्रोजेक्ट डायरेक्टर केके वर्मा झारखंड में पावर पोजिशन और आपूर्ति की पल-पल खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में बिजली संकट का सामाना न करना पड़े। उन्होंने वितरण क्षेत्र के सभी महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता को जरूरी निर्देश दिए हैं।

**बिजली की अब कोई कमी नहीं है :** श्री वर्मा ने कहा कि बिजली की अब कोई कमी नहीं है। डिमांड के अनुरूप बिजली उपलब्ध है। इसलिए सभी महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता स्थानीय स्तर पर होने वाले लोकल फॉल्ट को कम से कम समय में दुरूस्त करके बिजली बहाल करने की दिशा में काम करें, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में अधिक देर तक पावर कट का सामना न करना पड़े। अगर बड़े लोकल फॉल्ट को दुरूस्त करने के लिए अधिक मैन पावर की जरूरत पड़े तो हायर करें और कम से कम समय में फॉल्ट दुरूस्त करने का काम करें। कहीं भी 5-10 घंटे तक लोकल फॉल्ट के नाम पर पावर कट ना किया जाए। इसका विशेष ध्यान लोकल स्तर पर अभियंता सुनि›ित कराएं।

### गुरुवार को इस समय मिली इतनी बिजली

समयः दिन के 1 बजे
बिजली की उपलब्धता : 1609 मेगावाट
**डिमांड : 1474 मेगावाट**
डीवीसी कमांड एरिया : 600 मेगावाट
**लोड शेडिंग : जीरो**

समयः दिन के 2 बजे
बिजली उपलब्धता : 1604 मेगावाट
**डिमांड : 1511 मेगावाट**
डीवीसी कमांड एरिया : 600 मेगावाट
**लोड शेडिंग : जीरो**

समयः दिन के 3 बजे
बिजली की उपलब्धता : 1518 मेगावाट
**डिमांड : 1503**
डीवीसी कमांड एरिया : 600 मेगावाट
लोड शेडिंग : जीरो

## रांची के विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में ईद के नमाज का समय जारी



**रांची।** रांची के विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों मे ईद के नमाज का समय की सारिणी दी है। अंजुमन इस्लामियां रांची के जनरल सेक्रेटरी डॉ तारिक हुसैन ने यह जानकारी दी है।

### ईद के नमाज का समय इस प्रकार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची ईदगाह हरमू रोड | प्रातः 9:30 बजे | छोटी मस्जिद | प्रातः 8:15 बजे |
| डोरण्डा ईदगाह | प्रातः 9:00 बजे | बड़ी मस्जिद | प्रातः 8:45 बजे |
| पारसटोली ईदगाह डोरंडा | प्रातः 8:00 बजे | मक्का मस्जिद | प्रातः 8:00 बजे |
| कडरू ईदगाह | प्रातः 7:45 बजे | मदीना मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे |
| बरियातू ईदगाह | दिन के 9:00 बजे | मोती मस्जिद | प्रातः 8:45 बजे |
| कांके ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | मस्जिद ए-उमर | प्रातः 8:30 बजे |
| पिठोरिया ईदगाह | दिन के 9:00 बजे | मस्जिद-ए-अबुबकर | प्रातः 8:00 बजे |
| कोकदोरो ईदगाह | दिन के 8:30 बजे | मस्जिद-ए-औलिया | प्रातः 8:45 बजे |
| पिरूटोला ईदगाह | दिन के 9:00 बजे | इस्लामी मरकज मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे |
| हुसीर ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | मस्जिद-ए-गौसुलवरा | प्रातः 8:15 बजे |
| होचर ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | मस्जिद-ए-अराफात | प्रातः 8:00 बजे |
| सतकनादू ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | फिरदौस नगर मस्जिद | प्रातः 8:15 बजे |
| ओयना ईदगाह | प्रातः 8:00 बजे | मस्जिद-ए-नूर | दिन के 9:00 बजे |
| चुट्टू ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | पुरानी रांची मस्जिद | दिन के 8:30 बजे |
| पुन्दाग ईदगाह | प्रातः 8:45 बजे | थड़पखना मस्जिद | दिन के 9:00 बजे |
| नयासराय ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | पंडरा मस्जिद | दिन के 8:00 बजे |
| सिलादोन ईदगाह | प्रातः 8:30 बजे | सुकुरहुट्टू बड़ी मस्जिद | दिन के 9:00 बजे |
| डॉ फतेहउल्लाह मस्जिद | प्रातः 7:45 बजे | हरमू भट्टा मोहल्ला मस्जिद | प्रातः 8:00 बजे |
| रंगसाज मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे | हरमू जामा मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे |
| हव्वारी मस्जिद | प्रातः 8:00 बजे | दीपा टोली मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे |
| मस्जिद-ए-अब्दुल्लाह | प्रातः 8:00 बजे | पंडरा मस्जिद | प्रातः 8:00 बजे |
| मस्जिद-ए-अहले हदीस | प्रातः 6:30 बजे | पुंदाग ताहा मस्जिद | प्रातः 8:45 बजे |
| मस्जिद-ए-बेलाल | प्रातः 7:30 बजे | सीठियोजामा मस्जिद | प्रातः 8:30 बजे |
| मस्जिद-ए-हेरा | प्रातः 8:15 बजे | मस्जिद-ए- आयशा | प्रातः 8:30 बजे |
| मस्जिद-ए-नूरी | प्रातः 8:00 बजे | हामीम मस्जिद हरमू | प्रातः 8:30 बजे |
| मस्जिद-ए-जाफरिया | दिन के 9:30 बजे | नूरानी मस्जिद हरमू | प्रातः 8:00 बजे |
| तसलीम मस्जिद | दिन के 8:00 बजे | | |

## मस्जिद-ए-आमना में तरावीह खत्म, ईद की नमाज 8:15 बजे

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग के सिराजुद्दीन नगर आलम चौक स्थित मस्जिद-ए-आमना में 19 की रात लोगों द्वारा पढ़ी जा रही तरावीह समाप्त हो गयी। इस मस्जिद में पुंदाग, सिराजुद्दीन नगर व आलम चौक के आसपास रहने वाले तमाम नमाजियों व रोजेदारो ने हाफिज दिलशाद के पीछे लगभग 225 लोगों नेतरावीह पढ़ी। हाफिज दिलशाद ने बताया कि इस मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 8:15 बजे पढ़ी जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने की गौ सेवा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने हरमू रोड़ स्थित गौ शाला में गौ सेवा दी । यह सेवा गौ सेवा प्रभारी डॉली बंसल द्वारा की गई । उन्होंने गौ माता के लिए गुड़, कुटी, गाजर व खीरा वगैरह खाद्य पदार्थ की व्यवस्था की । शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला ने कहा गौ माता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है , यह सेवा हर महीने की जाएगी। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर उपस्थित लोगो में सचिव अनीता सोमानी, गौ सेवा प्रभारी डोली बंसल एवं दीपिका मोतिका और ऋतु नीलम, दीपिका टेकरीवाल पूजा तोड़ी उपस्थित रही ।

# ऊर्जन क्लीनटेक ने झारखंड में किया अपनी सेवाओं का विस्तार

### 18 से ज्यादा राज्यों में 3000 से अधिक ग्राहकों को दे रहा है अपनी सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सौर ऊर्जा कंपनी, ऊर्जन क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में झारखंड में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। आईआईडियन्स और बैंकरों द्वारा सह-स्थापित ऊर्जन, एक टेक्नोलॉजी सोलर कंपनी है। बहुत कम समय में, ऊर्जन ने 150 एमडब्ल्यूपी के सोलर प्रोजेक्टस की स्थापना की हैं और 18 से ज्यादा राज्यों में 3000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की हैं। सिस्टम को उच्च-गुणवत्ता वाली परफॉरमेंस देने के लिए डिजाइन किया जाता है जो आपके बिजली के बिल को कम करेगा। ऐसे आगामी रिन्यूएबल एनर्जी स्टार्ट-अप नए युग के आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक हैं। झारखंड सरकार वर्ष 2026 तक 4000 एमडब्ल्यूपी हासिल करने के अपने लक्ष्य के तहत लोगों और कॉरपोरेट्स को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो पारंपरिक स्त्रोतों की तुलना में कहीं अधिक किफायती और इकोफ्रैन्ड्ली है। साथ ही, झारखंड के सभी हिस्सों में धूप बहुत पड़ती है, इसलिए बिजली उत्पादन के लिए झारखंड का मौसम काफी अनुकूल है। सौर सिस्टम की स्थापना मुश्किल या बोझिल नहीं है, यह अत्यंत सुविधाजनक और सरल प्रक्रिया है ।

ग्राहक एक साथ पेमेंट करने के बजाय किश्तों में पेमेंट करने का विकल्प भी चुन सकते हैं, ईएमआई की तरह । गौतम दास, ऊर्जन के फाउन्डर और सीईओ ने कहा, कि हम पूरे भारत में अपने व्यवसाय को बढ़ा रहे है और झारखंड हमारा 19वां राज्य/केंद्र प्रदेश है जहां हम वित्तपोषण विकल्प और भरोसेमंद उत्पादों सहित ग्रीन एनर्जी समाधान का प्रसार करेंगे। हम पूरे भारत में और संसाधन जोड़ना जारी रखेंगे।

## अस्पताल में इलाजरत पद्मश्री छुटनी महतो का कुशलक्षेम जानने पहुंचे आजसू नेता



**रांची।** डायन कुप्रथा के खिलाफ अभियान चला रहीं सरायकेला-खरसावां की सुप्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री छुटनी महतो को पैरालिसिस पीड़ित होने पर जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सरायकेला-खरसावां जिले के आजसू नेताओं से छूटनी महतो के स्वास्थ्य जानकारी ली। आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर रामचंद्र सहिस तथा हरेलाल महतो जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल पहुंचकर इलाजरत पद्मश्री छूटनी महतो से मुलाकात की। इस दौरान छुटनी महतो के स्वास्थ्य की जानकारी ली। दोनों ही नेता ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों से बात की तथा पद्मश्री छूटनी महतो के इलाज व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छूटनी महतो के बेहतर इलाज में जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह सुनि›ित किया जाएगा।

## जिला मलखंब प्रतियोगिता 22 एवं 23 अप्रैल को

**रांची।** जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता 22 एवं 23अप्रैल 2023 को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर 2, धुर्वा के प्रांगण में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सब जूनियर एजूनियर, सीनियर टीम का चयन किया जायेगा, जो आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के सभी को कोटि के मध्य-उच्च विद्यालय, महाविद्यालय-क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्र के टीम भाग लें सकते हैं। वैसे सभी खिलाड़ी 22 अप्रैल को सुबह दस बजे तक रांची जिला मलखंब संघ के प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं संजय कुमार के पास अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे।

## पीएमएवाई (यू) के तृतीय घटक अंतर्गत इस्लाम नगर में नवनिर्मित आवासों का अवंटन लॉटरी से 25 को

### सुयोग्य आवेदक 25 अप्रैल को संगम गार्डेन मोराबादी में उपस्थिति सुनिश्चित करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक अंतर्गत स्लम क्षेत्र इस्लाम नगर में नवनिर्मित आवासों के आवंटन के लिए सूचना जारी की है। उक्त सूचना के माध्यम से सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक इस्लाम नगर एएचपी अन्तर्गत इस्लाम नगर रांची अवस्थित जी प्लस थ्री निर्माणाधीन आावासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है। वैसे आवेदक (सुयोग्य सूची में नाम दर्ज है) जिन्होंने प्रथम किस्त की राशि 20 हजार रु. निगम कार्यालय में जमा किया है, जिनकी सूची रांची नगर निगम के वेबसाइट पर देखा जा सकता है, ऐसे आवेदक लॉटरी कार्यक्रम में दिनांक 25.04.2023 को प्रातः 9:00 बजे से संगम गार्डेन मोराबादी में उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेगे एवं साथ ही साथ अपना वोटर आईडी कार्ड/आधार कार्ड भी लाना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने दी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिन आवेदकों को किसी प्रकार की आपति हो तो दिनांक 21.04.2023 तक निगम कार्यालय में आवेदन के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकते है।

## खबर एक नजर में

### बच्चू यादव को जमानत, अभी जेल ही होगा ठिकाना

**रांची।** झामुमो नेता पंकज मिश्रा के करीबी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुना दिया है। दोनों पक्षों की बहस पूरी सुनने के बाद हाईकोर्ट ने बच्चू यादव की बेल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बच्चू की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। लेकिन फिर भी बच्चू यादव अभी जेल में ही रहेगा, क्योंकि बच्चू पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी चल रहा है। गौरतलब है कि बच्चू यादव के खिलाफ साहेबगंज के मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 91 दर्ज की गयी है। बता दें कि अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने के मामले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

### सुबोधकांत ने पत्रकार सुनील सौरभ के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने पटना स्थित पारस अस्पताल में इलाजरत वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अस्पतालए के यूनिट हेड संजय श्रीवास्तव से दूरभाष पर संपर्क कर मरीज की अद्यतन स्थिति जानी। अस्पताल प्रबंधन से वरिष्ठ पत्रकार को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जाने-माने पत्रकार सुनील सौरभ विगत दो सप्ताह से पटना स्थित पारस अस्पताल में भर्ती हैं। वह पेट व किडनी रोग से ग्रसित हैं। पारस अस्पताल के चिकित्सकों ने श्री सौरभ के मल्टी ऑर्गन फेल्योर का मामला बताया है।

### 250 सब इंस्पेक्टर को मिली पासपोर्ट वेरीफिकेशन की जानकारी

**रांची।** चार जिलों के 250 सब इंस्पेक्टर को पासपोर्ट वेरिफिकेशन की जानकारी दी गयी। गुरुवार को डोरंडा स्थित जैप-1 ऑडिटोरियम में एक दिवसीय पासपोर्ट सत्यापन सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में रांची जोन के पांचों जिला गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और रांची के करीब 250 सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण में फैसला शीघ्र

**रांची।** बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रताड़ना से जुड़े आठ साल पुराने यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, जबरन धर्म परिवर्तन मामले में जल्द ही फैसला आयेगा। सीबीआई की ओर से गवाही पूरी होने के बाद गुरुवार को बचाव पक्ष ने अपने बचाव में गवाह को अदालत में उतारा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में एसडीओ ऑफिस से पहुंचे एक कर्मचारी की गवाही दर्ज की गई।

### कैंसर पीड़ित वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश मिले सीएम से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने कैंसर की बीमारी के चल रहे उपचार से संबंधित बातें साझा की । उन्होंने मुख्यमंत्री से कैंसर की बीमारी को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इससे इस बीमारी से ग्रसित होने वाले हर मरीज और होने वाली मौत का पंजीकरण होने के साथ संपूर्ण आंकड़ा भी सरकार के स्तर पर उपलब्ध होगा। इसके साथ कैंसर बीमारी और उससे ग्रसित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पॉलिसी बनाने में भी सहूलियत होगी । इस मौके पर उन्होंने खुद के कैमरे से क्लिक की गई मुख्यमंत्री की तस्वीरों का एल्बम सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनका कुशल क्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# जल्द ही जेबीवीएनएल की साइट पर स्मार्ट मीटर ऑनलाइन री-चार्ज करने की सुविधा

### स्मार्ट मीटर लगने के बाद एसएमएस नहीं आ रहा तो नजदीकी बिजली कार्यालय से संपर्क करें उपभोक्त



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के जिन कंज्यूमरों का स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है, उन्हें जेबीवीएनएल की ओर से उनके खाते की विवरणी के बारे में एसएमएस के माध्यम से स्वागत संदेश भेजा जा रहा है। वैसे उपभोक्ता जिनका स्मार्ट मीटर लग गया है और वे पंजीकृत मोबाइल नंबर बदलाना चाहते हैं या फिर उन्हें स्वागत संदेश प्राप्त नहीं हो रहा है, तो वे निकट के डिवीजन एवं सबडिवीजन कार्यालयों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

**इस प्रक्रिया से स्मार्ट मीटर के कंज्यूमर खुद ही कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन :** 11 अंकों की उपभोक्ता खाता संख्या की सहायता से स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता स्वयं को पंजीकृत कर स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता लॉग इन पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। इसका लिंक जेबीवीएनएल की आधिकारिक वेबसाइट के कंज्यूमर/सिटीजन कॉर्नर के तहत दिया गया है। सबसे पहले स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता को रजिस्टर बटन पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा और आवश्यक विवरण भरना होगा। इसके अलावा, 11 अंकों की उसी स्मार्ट प्री-पेड खाता संख्या के साथ उपभोक्ता अपने खाते में लॉग इन कर सकते हैं और अपनी स्मार्ट प्री-पेड खाता की जानकारी देख सकते हैं। कंज्यूमर खुद ही मासिक खपत, बिलिंग देख सकते हैं। उपभोक्ता अपनी विवरण जैसे प्री-पेड कनेक्शन विवरण, दैनिक खपत और प्रीपेड वॉलेट रिचार्ज इतिहास, मांग, वोल्टेज पैरामीटर, दैनिक और मासिक बिलिंग विवरण आदि देख सकते हैं। मासिक बिलिंग के समय उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। उन उपभोक्ताओं के लिए जिन्होंने पहले ही भुगतान की गई सुरक्षा राशि के साथ नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। उपभोक्ता के प्रीपेड सिस्टम में शामिल होने के समय भुगतान की गई सुरक्षा राशि स्वचालित रूप से प्रीपेड वॉलेट राशि में परिवर्तित हो रही है। इसके बाद उपभोक्ताओं की दैनिक बिलिंग की जा रही है. वॉलेट बैलेंस राशि उपलब्ध वॉलेट बैलेंस से स्वचालित रूप से समायोजित हो रही है। यदि किसी उपभोक्ता का वॉलेट बैलेंस कम हो रहा है, तो सिस्टम स्वचालित रूप से उपभोक्ताओं को अपने प्री-.पेड वॉलेट बैलेंस को रिचार्ज करने के लिए संदेश भेज रहा है. यह जानकारी उपभोक्ता को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जा रही है। यदि उपभोक्ता अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर बदलना चाहते हैं, तो वे अधिक जानकारी के लिए अपने आपूर्ति कार्यालय मंडल/उपमंडल से संपर्क कर सकते हैं। प्री-पेड वॉलेट बैलेंस रिचार्ज के लिए जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन रिचार्ज की सुविधा दी है। उपभोक्ता प्रीपेड वॉलेट को केवल नकद भुगतान करके एटीपी काउंटरों के माध्यम से रिचार्ज कर सकते हैं या वे गूगल पे, फोन पे और भीम यूपीआई ऐप की मदद से प्रीपेड वॉलेट बैलेंस को रिचार्ज कर सकते हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन रिचार्ज कैसे कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता कभी भी जेबीवीएनएल कस्टमर केयर सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर 1800-345-6570 / 1800-123-8745 है। जिन उपभोक्ता का बैलेंस खत्म हो जायेगा, उनकी लाइन कटने लगेगी। रिचार्ज करने पर अपने आप लाइन चालू हो जाएगी, परंतु आरसीडीसी चार्ज लगेगा।

# रांची विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर 16 वोकेशनल कोर्स के सिलेबस तैयार

## एकेडमिक काउंसिल में चर्चा के बाद 17 एजेंडों को दी गयी स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी (आइएलएस) में तीन वर्षीय एलएलबी की पढ़ाई इसी सत्र से होगी। इसकी क्लास मॉर्निंग और इवनिंग दोनों शिफ्ट में संचालित होगी। पहले सत्र में 60 सीटों पर एडमिशन लिया जाएगा। एलएलबी की पढ़ाई के लिए सिलेबस और संचालन रेगुलेशन तैयार कर लिया गया है।

एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव को वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता वाली एकेडमिक काउंसिल की बैठक में रखा गया, जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई। आरयू में पहली बार माइग्रेशन वेरिफिकेशन के लिए 400 रुपए शुल्क का निर्धारण किया गया है। अभी तक अंक पत्र, सर्टिफिकेट का ही वेरिफिकेशन शुल्क लेने का प्रावधान था। आरयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत स्नातक स्तर पर (सेशन 2022-26) पढ़ाई शुरू हो गई है। स्नातक स्तर पर पढ़ाई के लिए कुल 16 वोकेशनल कोर्सों का चयन किया गया है, जिसके सिलेबस भी डिजाइन कर लिये गये हैं। इन कोर्सों को भी एकेडमिक काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।




**आइएलएस में तीन वर्षीय एलएलबी की पढ़ाई इसी सत्र से अब माइग्रेशन के लिए भी देने होंगे 400 रुपये शुल्क**

**यूजी के लिए ये हैं वोकेशनल कोर्स :** यूजी के चयनित 16 वोकेशनल कोर्सों में मशरूम कल्टीवेशन, ऑर्गेनिक फार्मिंग, ई-फिलिंग रिटर्न, डिजिटल मार्केटिंग, कम्युनिकेटिव इंग्लिस, बेसिक कंप्यूटर, मल्टी मीडिया, फंग्शनल हिंदी, फंडामेंटल ऑफ साइंस लेबरेट्री, सेरीक्लचर, फिशरी, बी कीपिंग, टेक्सटाइल्स मैनेजमेंट, इंट्रोडक्शन ऑफ स्टॉक मार्केट, ट्रेवल एंड टुरिज्म, फॉरेस्ट्री-वाइल्डलाइफ, ब्यूटी एंड वैलनेस शामिल हैं।

**एमएड व पीजी एजुकेशन की होगी पढ़ाई :** रांची यूनिवर्सिटी में एमएड और पीजी इन एजुकेशन की पढ़ाई इसी सेशन से शुरू की जाएगी। इसका सिलेबस और संचालन रेगुलेशन तैयार कर लिया गया है। एमएड व पीजी एजुकेशन कोर्स की पढ़ाई शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव पर एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों द्वारा चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**एग्जिक्यूटिव एमबीए भी इसी सेशन से :** आरयू के के आईएमएस में इसी सेशन से एग्जिक्यूटिव एमबीए की पढ़ाई शुरू होगी। इस कोर्स का सिलेबस और संचालन रेगुलेशन तैयार कर लिया गया है, जिसे स्वीकृति एकेडमिक काउंसिल ने प्रदान कर दी है। बताते चलें कि इस कोर्स की क्लास सप्ताह में दो दिन संचालित की जाएगी।

**इन एजेंडों को भी मिलेगी स्वीकृति :** रिम्स की कार्यकारिणी ने 28 जुलाई 2022 को मास्टर इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया था, जिसे आरयू की एकेडमिक काउंसिल में स्वीकृति प्रदान कर दी। रिनपास में शुरू होने वाले एमएससी साइकेट्रिक नर्सिंग की पढ़ाई शुरू करने और सिलेबस पर एकेडमिक काउंसिल ने मुहर लगा दी है।

रांची विवि के दीक्षांत समारोह में यूजी-पीजी, पीएचडी, डी-लिट, डीएससी पास आउट छात्रों को उपाधि देने का प्रस्ताव स्वीकृत। दो मई को होगा समारोह। कुरमाली विषय को कुड़मालि करने के लिए कमेटी गठित की जाएगी। नई शिक्षा नीति के तहत यूजी चार वर्षीय की पढ़ाई शुरू हो गई है, जिसे एकेडमिक काउंसिल से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान कर दी। रांची विवि में एक तरह के चल रहे वोकेशनल कोर्सों का नाम और सिलेबस में एकरुपता लाया जाएगा। अभी अलग-अलग नाम से जाना जाता है।

## बीमार बेटे के इलाज में आड़े आयी गरीबी मदद की अपील

**रांची।** रांची के आजाद बस्ती में रहने वाली एक दुखियारी मां अपने बच्चे को दर्द से छुटकारा दिलाने और उसके बेहतर इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खाती फिर रही है। अपने कलेजे के टुकड़े को बिस्तर में तड़पता देख मां के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बच्चे के इलाज के लिए अपने गहने से लेकर कई चीजों को बेच चुकी है। बाजार से कर्ज ले चुकी है। यह दुखभरी दास्तां आजाद बस्ती, गुदड़ी की खैरून निशा की है। पैसे खत्म होने के बाद निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया है, वहीं आर्थिक तंगी में बेबस मां अपने बच्चों को ठीक से न तो दवा दे पा रही है और न ही उसका ख्याल रख पा रही है। खैरून निशा का पति नहीं है, वह किसी तरह से अपने बाल- बच्चों को पाल रही है। खैरून निशा का कहना है कि जनवरी महीने में उसके बेटे मो आसिफ को उल्टी के क्रम में उसकी आंत उलट गई। पेट में दर्द होने की वजह से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका दो- दो बार ऑपरेशन किया गया। फिर भी बच्चा ठीक नहीं हो पा रहा है।






### रहमतों-बरकतों का महीना हमसे जुदा होने को है : कमरुल हक



**रांची।** रमजान मुबारक जिसे रहमत मगफिरत और जहन्नम से निजात का मुकद्दस करार दिया गया। अपनी तमाम तर रहमतों और बरकतों समेत हमसे जुदा होने को है। पता नहीं इसके बाद हमें अगले साल रमजान मुबारक का महीना नसीब होता है या नहीं। लिहाजा माहे रमजान का यह जुम्मा इस बात का तकाजा करता है कि हम अपने रब को मना लें। फुटकल टोली के समाजसेवी कमरुल हक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माहे रमजान का आखिरी लम्हात को गनीमत जानते हुए गुनाहों पर नदामत का इजहार करते हुए तौबा का दामन थाम लें।

### रमजान मुकद्दस के महीने में नेकियों का बदला 70 गुना बढ़ जाता है : मुख्तार



**रांची।** रमजान पाक के महीने में हर मुसलमान की कोशिश होती है कि वह सारे नियमों के साथ रोजा रखे। तरावीह पढ़े। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि रोजेदार अल्लाह के नेक बंदे होते है। रोजेदार का एहतेराम करना सुन्नत है। उक्त बातें रंगसाज मस्जिद गली के हेल्प लाइन मेडिकल में बतौर कंपाउडर लोगों को अपनी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले मुख्तार ने कही। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में अल्लाह ताला नेकियों का बदला 70 गुना बढा देता है। कहा कि रमजान में रोजेदार के रोजा का मतलब इंसान के जिस्म के हर हिस्से का रोजा होता है। दूसरे शब्दों में कहे तो रोजेदार के लिए जुबान का रोजा, आंख का रोजा, हाथ का रोजा अर्थात हर नफ्स पर कंट्रोल करने का रोजा है। ताकि रोजेदार कोई गलत काम न करे।

### रमजान के पाक महीने में दीनदारों की दीनदारी में हुई बरकत : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** रमजान का पाक महीना अब रोजेदारों व नमाजियों से रुखसत होने को है। इसी क्रम में शुक्रवार 21अप्रैल को राजधानी के तमाम मस्जिदों में इस साल के रमजान के अंतिम जुमे पर अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी जाएगी। इसी क्रम में अंसार नगर स्थित मस्जिद-ए-जाफरिया के इमाम व खतीब मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने प्रतिष्ठित दैनिक खबर मन्त्र से अलविदा जुमे के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अलविदा जुमे की नमाज के साथ माह-ए-रमजान का अलविदा हो जाएगा। माह-ए-रमजान के इस पाक महीने को दीनदारों की दीनदारी के कारण बरकत में इजाफे का माह बताया। उन्होंने कहा कि रमजान पाक के महीने में बेदीन भी दीनदारी में लगे रहे। लोग रोजा व नमाज के साथ अपने स्तर पर नेकी का काम करते नजर आए क्योंकि लोगों का विश्वास है कि रमजान के इस महीने में एक नेकी के बदले 70 गुना सवाब मिलता है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के संगठन विरोधी कार्य और तानाशाही रवैया को लेकर, बोर्ड निगम के गठन में बिना रायशुमारी के थैलाशाह एवं दूसरे दलों से आये हुए चाटुकार लोगों को अवसर देने की बात अगर सही साबित हुई पार्टी में बगावत होगी और इसका खामियाजा 2024 के चुनाव में पार्टी को भुगतना होगा। इसके लिए सिधे तौर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जिम्मेदार होंगे। झारखंड में कांग्रेस की गिरती साख को बचाने एवं प्रदेश अध्यक्ष को पदमुक्त किये जाने की मांग को लेकर लगभग एक हजार से अधिक कांग्रेस संगठन से जुड़े कार्यकताओं ने बापू वाटिका मोरहाबादी में धरना देते हुए नगाड़ा बजाकर शंखनाद किया।

धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा प्रभारी अविनाश पाण्डेय एनएसयूआई, युवक कांग्रेस की पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव बने हैं, संगठन के निष्ठावान एवं कर्मठ नेता भी हैं। इसके बावजूद ऐसी कौन सी मजबूरी है जो निकम्मे एवं अनुपयोगी अध्यक्ष को ढो रहे हैं। इस व्यक्ति का न कोई अपनी पकड़ है, ना कोई राजनैतिक हैसियत है और ना पहचान है।

# नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सिपेट रांची में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय रांची द्वारा प्रायोजित छह महीने के निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं नियोजन पत्र वितरण समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय रांची के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार थे। अन्य अतिथियों में एनटीपीसी के नवीन जैन, श्रीनिवास मूर्ति, टीके कोनार, बीएम सिंह, अमित कुमार व अन्य शामिल थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छह महीने के निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किये उम्मीदवारों को प्रशिक्षण समापन एवं नियोजन पत्र वितरण करना तथा उत्साहवर्धन एवं उनका मार्गदर्शन करना था।

मुख्य अतिथि पार्थ मजूमदार ने छात्रों को पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी तथा आगे आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने का संदेश दिया। उपस्थित अन्य महाप्रबंधकों ने भी छात्रों को उत्साहवर्धन किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम अच्छी तरह से पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में 2 बैच के 80 उम्मीदवार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी छात्रों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव को साझा किया। इसके बाद निदेशक एवं प्रमुख ने सम्मेलन कक्ष में अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार बख्शी, जॉन समीर, सीएस सथपति तथा शाहनवाज अहमद मौजूद रहे।

### चंदवे का ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा कल, तैयारी पूरी

**रांची।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के चंदवे में शिव मंडा पूजा का फूलखुन्दी 21 अप्रैल को होगी। रात्रि 8 बजे से दहकते अंगारों पर चलेंगे शिव भक्त। दिखायेंगे आस्था का परिचय। शिव मंडा पूजा झूलन का कार्यक्रम 22 अप्रैल की शाम 4 बजे से है। समिति के सदस्य शंकर साहु ने बताया कि इस मंडा पूजा में शिव भक्त उपवास कर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। जागरण के दौरान रात में फुलखुन्दी के बाद रात भर नागपुरी सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन होगा।

### वास्तु बिहार में कैंब्रिज पॉलिटेक्निक के नौ का कैंपसप्लेसमेंट

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक (सीआईपी) टाटीसिलवई के सिविल 2020 बैच के नौ विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन रियल एस्टेट की कंपनी वास्तु विहार ने ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया है। संस्थान की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर त्रिशिता घोष ने बताया की चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन बिहार झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़, गया, पलामू, सासाराम व गिरिडीह में होगा। सालाना पैकेज के रूप में इन्हे शुरूआती दौर में 2.25 लाख दिया जाएगा।

### पारा शिक्षकों को भी ईद को देखते हुए अप्रैल माह के अग्रिम मानदेय के भुगतान की मांग

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सरकार से ईद से पहले पारा शिक्षकों को भी अग्रिम मानदेय देने की मांग की है। साथ ही सरकार से ई विद्यावाहिनी से मेन्यूवल हाजरी को नहीं हटाने की मांग की है।

### ओबीसी के आरक्षण बढ़ाये जाने वाले बिल को फिर से राज्यपाल को भेजें सीएम : मोर्चा

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ओबीसी के आरक्षण बढ़ाए जाने वाले बिल को वापस कर दिया है। ऐसे में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राज्य सरकार से मांग किया है कि सरकार पुनः कैबिनेट में ओबीसी आरक्षण बिल पास कर लागू करने का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजें। दूसरी बार प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्यपाल महोदय बाध्य होंगे।

### बकोरिया कांड में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करना अनुचित : मंत्री बन्ना गुप्ता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि पलामू के बकोरिया कांड में हुए कथित पुलिस- नक्सली मुठभेड़ में 10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज कांड में सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट फाइल करना गंभीर मामला है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय जांच एजेंसियां सिर्फ एक तरफा काम करती हैं तथा विपक्षी लोगों के विरुद्ध ही कार्रवाई करने में सक्षम है।

### मां बगलामुखी मंदिर किशोरगंज का सप्तम वर्षिकोत्सव प्रारंभ



**रांची।** मां बगलामुखी मंदिर किशोरगंज का सप्तम वर्षिकोत्सव गुरुवार को प्रारंभ हुआ। मां की शोभा कलश यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रातः 7:00 मंदिर प्रांगण से आरंभ होते हुए पहाड़ी मंदिर से जल लेकर 1100 महिलाओं द्वारा विभिन्न मार्ग से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल में आयी। इस शोभायात्रा में मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक सीपी सिंह, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, मुनचुन राय, ओम प्रकाश, रमेश सिंह, बबलू चौधरी, राजीव बनर्जी, सुनील दुबे, नवीन व्यास, राजीव रंजन सिंह, मनीष सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पिठोरिया में पीएम कृषक समृद्धि केंद्र का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इफको रांची द्वारा पिठोरिया में स्थापित प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को कृषि निदेशक, चंदन कुमार (भाप्रसे) ने किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केंद्र आप सभी के लिए बनाया गया है, जहां आपको कृषि संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। साथ ही, कृषि चौपाल के माध्यम से कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपलोगों की गोष्ठी करायी जायेगी। कृषि यंत्र और सभी कृषि आदान उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जायेंगी।

मौके पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। बता दें कि प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र, एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित किया गया है, जहां किसानों को एक ही स्थल पर उनके कृषि एवं रोजमर्रा के सभी आवश्यकताओं का समाधान मिल सके। भारत सरकार का उर्वरक मंत्रालय एवं उर्वरक कंपनी द्वारा इस उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रयास के अंतर्गत इफको रांची द्वारा एक मॉडल केंद्र पिठोरिया में स्थापित किया गया है।

इस केंद्र में जहां एक ओर किसानों को कृषि में लगने वाले समस्त आदान (खाद, बीज, कृषि रसायन, कृषि उपकरण, टपक सिंचाई के सभी अवयव) के साथ कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज (आधार, विभिन्न तरह के प्रमाणपत्र, आधार बेस्ड पैसों की जमा-निकासी) के साथ मृदा एवं पानी जांच के लिए इनके नमूनों का अधिग्रहण कलेक्शन एवं प्रयोगशाला से जांच उपरांत वितरण की व्यवस्था की गयी है, वहीं किसानों के आधुनिक एवं नवीनतम कृषि ज्ञान में और अधिक जानकारी के लिए कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए कृषि के सभी विभागों के साथ-साथ अन्य सहयोगी संस्थाओं के बीच आपसी समन्वय कर कार्यक्रमों को संचालित किया जायेगा।

### बाल विवाह के खिलाफ बने मजबूत कानून

**रांची।** अक्षय तृतीया एवं ईद के अवसर को ध्यान में रखते हुए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' पर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं विमर्श का आयोजन किया गया। मौके पर देशभर से जुटे गैरसरकारी संगठनों ने सरकार से एक सुर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने और मौजूदा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही सरकार से बाल विवाह निषेध कोष बनाने और 18 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान करने की भी मांग की गई। यह राष्ट्रीय परिचर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि भारत में बालविवाह का आयोजन ज्यादातर अक्षय तृतीया तथा ईद के बाद होता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अभियान चला रहा है।

# श्रम कानूनों का सख्ती से पालन करें : प्रदीप लकड़ा

## श्रम कानून को प्रभावी बनाने में जुटा श्रम विभाग, व्यवसायियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य में श्रम कानून को प्रभावी बनाने के लिए लेबर डिपार्टमेंट एक्शन मोड में है। इसी के तहत बुधवार को झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में व्यवसायियों के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्रम कानून की जानकारी उद्यमियों को दी गई।

इस मौके पर डिप्टी लेबर कमिश्नर प्रदीप लकड़ा ने व्यवसायियों से सरकार के श्रम कानून का सख्ती से पालन करने की अपील की। इस मौके पर राज्य में स्थानीय लोगों के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों और प्रतिष्ठानों में 75 फीसदी आरक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाने की भी अपील की गई। श्रम एवं नियोजन विभाग के द्वारा इस संबंध में जारी पोर्टल की जानकारी दी गई, साथ ही उद्यमियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान में होने वाली रिक्तियों और मैनपावर की वास्तविक जानकारी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। उद्यमियों ने स्थानीय को परिभाषित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का आग्रह विभाग से किया।

**स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर जोर :** बैठक के दौरान झारखंड की श्रमशक्ति का अधिक से अधिक उपयोग यहां के नियोजन इकाइयों में होने पर जोर दिया गया। इसके अलावा बाल श्रम की रोकथाम, लेबर लाइसेंस, न्यूनतम मजदूरी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर डिप्टी लेबर कमिश्नर प्रदीप लकड़ा ने कहा कि व्यवसायियों के सामने कई तरह की लेबर कानून को लेकर शंका थी, जिसे दूर करने की पहल विभाग द्वारा की गई है। अगले 3 महीने के बाद एक बार फिर व्यवसायियों के साथ विभाग की बैठक होगी, जिसमें हम लोग समीक्षा करेंगे कि कितना आगे हम बढ़ पाए हैं। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने श्रम विभाग के द्वारा की गई, इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यवसायियों को ढेर सारी जानकारियां प्राप्त हुई हैं। कुछ नियम कानून को लेकर बार-बार सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में जब विभाग खुद चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक कर रही है तो इसमें शंका का समाधान होना उचित है। आगे इस तरह की बैठकें और कार्यशाला होती रहे, जिससे व्यवसायियों और श्रम विभाग के बीच समन्वय बना रहे। बैठक सह कार्यशाला में चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के अलावे बड़ी संख्या में व्यवसायी और श्रम विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### सब-जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 29 को

**रांची।** 18 से 28 मई तक राऊरकेला (ओडिशा) में 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन होना है। इसके लिए झारखंड पुरुष हॉकी टीम का गठन होगा। हॉकी झारखंड के मुताबिक हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 29अप्रैल को पूर्वाह्न 07:00 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल, रांची में होगा।

### ईद की खुशियां साझा करने को सेवइयों के पैकेट तैयार

**रांची।** शुक्रवार को होने वाले अलविदा जुमा और चांद रात के साथ जहां इस साल के रमजानुल पाक का महीना तमाम नमाजियों व रोजेदारों से विदा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर ईद जैसे त्योहार को लेकर लोगों में ईद की खरीदारी आज अपने चरम पर देखी गयी। डोरंडा के कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन ने भी हर साल की तरह इस वर्ष भी सेवईयां, ड्राइ फ्रूट्स, दूध के पैकेट, चीनी आदि का गिफ्ट पैक तैयार करते देखे गए। झारखंड आंदोलनकारी सह जेएमएम नेता व समाजसेवी आजम अहमद ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सेवइयों के करीब 600 पैकेट तैयार किए हैं ताकि वे समाज व मुहल्ले के उन तमाम लोगों के साथ ईद की खुशियां साझा कर सकें जो दलित, पिछड़े आर्थिक नजरिए से पसमांदा है।

### स्काउट और गाइड की गढ़वा संगठन आयुक्त के निधन पर शोकसभा

**रांची।** भारत स्काउट और गाइड, झारखंड राज्य मुख्यालय, रांची में गुरुवार को श्रीमती निशा सिंह, जिला संगठन आयुक्त, गढ़वा के आकस्मिक निधन पर शोकसभा की गयी। श्रीमती सिंह का निधन 13 अप्रैल को रिम्स, रांची में इलाज के दौरान हो गया था। श्रीमती सिंह एक कर्मठ, सक्रिय एवं व्यवहार कुशल महिला थीं। उनके पति अमोद कुमार सिंह भारत स्काउट और गाइड, झारखंड राज्य के राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सह राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) हैं। उनके दो पुत्र हैं।

### जेड़पीसी के ओएसडी से मिले सहायक अध्यापक, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक सहायक अध्यापक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव और परियोजना निदेशक के नाम प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इपीएफ, सेवानिवृत्ति या मृत्यु पर एकमुश्त न्यूनतम 5 लाख रुपये, अनुकंपा पर आश्रित को नौकरी एवं पेंशन की मांग शामिल है।

### जमशेदपुर एसएसपी हाइकोर्ट में हुए पेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के दौरान एक सजायाफ्ता के आपराधिक इतिहास को लेकर गलत शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में जमशेदपुर के एसएसपी हाईकोर्ट में गुरुवार को सशरीर हाजिर हुए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनसे गलत शपथ पत्र दाखिल करने का कारण पूछा। इस पर उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस के पोर्टल में आपराधिक इतिहास से संबंधित डाटा अपडेट नहीं रहने के कारण ऐसा हुआ है।

### मोटे अनाज के उत्पादन को जन-जागरण जरूरी : कर्मवीर सिंह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि मोटे अनाज और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांवों में जन-जागरण जरुरी है। श्री सिंह गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित संगोष्ठी मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसका आयोजन भाजपा किसान मोर्चा की ओर से किया गया था। इसमें किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों आदि उपस्थित थे।

### फर्जीवाड़ा करने वाले को तीन साल की सजा

**रांची।** एसडीजेएम प्रवीण उरांव की अदालत ने मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर सात बेरोजगार युवकों से 42 लाख रुपये से अधिक की ठगी मामले के अभियुक्त लातेहार निवासी सागर शर्मा के दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### खेलगांव कैंपस में मॉर्निंग वॉक की सुविधा की मांग

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर खेलगांव कैंपस के अंदर आम जनता को मॉर्निंग वॉक करने की अनुमति देने की मांग की है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की उन्होंने उपायुक से मॉर्निंग वॉक के लिये खेलगांव परिसर को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

### स्वर्गीय कोड़े तिर्की की प्रतिमा स्थापना का निर्णय

**रांची।** राजधानी के मधुकम स्थित जतरा टांड में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें स्वर्गीय कोड़े तिर्की स्मारक समिति का गठन किया गया। साथ ही प्रतिमा की स्थापना का भी निर्णय लिया गया।

### रांची में शुरू हुआ रेस्तरां ऊना द वन

**रांची।** ऊना-द वन कंटेम्पररी मॉडर्न फाइन-डाइनिंग रेस्तरां की शुरुआत गुरुवार को कडरू रांची में हुआ। यह रेस्तरां रांची के लोगों को बेहतरीन भोजन और सुरुचिपूर्ण माहौल का खूबसूरत मिश्रण प्रदान करेगा। ऊना-द वन रांची में अपनी तरह का पहला रेस्तरां है, जो विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की पेशकश सौंदर्यपूर्ण माहौल के साथ वन-स्टॉप गॉमे (रुचिकर) डेस्टिनेशन में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### एक्सआइएसएस में हुआ फेयरवेल सेरेमनी

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) रांची ने गुरुवार को कॉलेज परिसर में सत्र 2021-23 स्टूडेंट्स को विदाई देने के क्रम में फेयरवेल सेरेमनी एयू रेवॉयर-टिल वी मीट अगेन का आयोजन किया। यह विशेष शाम एक्सआईएसएस के पीजीडीएम के छात्रों के संस्थान में दो वर्षों की उनकी शैक्षणिक व व्यवहारिक यात्रा के साथ अनुभवों के यादों को तरोताजा करने वाला रहा। इस दौरान एथनिक परिधानों में सुसज्जित पासआउट स्टूडेंट्स से जहां इंस्टीट्यूट का कैंपस एक अलग छटा बिखेर रहा था। संस्थान के निदेशक डॉ कुजूर ने मौके पर अपने स्वागत भाषण में बैच 2021-23 के स्टूडेंट्स की अबतक की यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा सभी स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी केंद्रित रहें, जिज्ञासु बने रहें और स्वयं के प्रति सच्चा और ईमानदार रहें।

### बनारस-गुंटूर गंगा पुष्करम स्पेशल ट्रेन कल से रांची होकर चलेगी

**रांची।** रेल मंत्रालय द्वारा गंगा पुष्करम त्योहार पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गुंटूर से बनारस के बीच (वाया-रांची) ट्रेन संख्या 07230/07229 गुंटूर-बनारस-गुंटूर गंगा पुष्करम स्पेशल ट्रेन के शनिवार को परिचालन का निर्णय लिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### तेजस्विनीकर्मियों ने बीडीराम को सौंपा ज्ञापन, सांसद ने दिलाया भरोसा



**मेदिनीनगर।** तेजस्विनीकर्मियों ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को ज्ञापन सौंपकर तेजस्विकर्मियो का अवधि विस्तार शीघ्र करने की मांग की है। तेजस्विनीकर्मियों ने सांसद राम को बताया कि 25 अगस्त तक ही प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा अवधि विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। शिष्टमंडल ने सांसद को बताया कि पूरे पलामू मे तेजस्विनीकर्मियों की संख्या 911 है। जिसमे 14 से 24 साल की उम्र की ए जी वाई डब्लू क्लब से डेढ़ लाख और बिजनेस स्कील से बीस हजार लड़की जुड़ी हुई है। अगर अगस्त के बाद प्रोजेक्ट बंद हो जाता है सभी कर्मी बेरोजगार हो जायेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में महिला नीलम, नैना, रजनी, संजोगा देवी, डी आर आई यू से राजू पाल, गनौरी विश्वकर्मा, प्रखंड स्तर से हितेश चौबे सौरभ दुबे अमन कुमार, विकास, प्रवीण, रंजीत, बबलू, अख्तर आदि शामिल थे। मौके पर सांसद ने सभी को गंभीरता से बात को रखने का भरोसा दिलाया।

### ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड : रवींद्र



**हरिहरगंज पलामू।** आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 100 वां एपिसोड ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य सह मंडल प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बैठक के बाद पत्रकारों से कही। इसे जन जन तक पहुंचाने को लेकर वे गुरूवार को हरिहरगंज मेन रोड स्थित बीजेपी प्रखण्ड कार्यालय में मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के गलत नीतियों के कारण पूरे राज्य में बालू की किल्लत हो गई है। इस वजह से कई विकास की योजनाएं भी प्रभावित है। जबकि बिजली की कटौती से तमाम उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जोरदार आन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, जिला कार्य समिति सदस्य सत्येंद्र मेहता, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सन्नी गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, गणेश शौंडिक, संजीव सिंह, अंबुज कुमार सिंह, अरविंद पासवान, रविंद्र सिंह, राजू प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह, रणविजय कुमार सिंह, करण राजवीर, अमित कुमार, अशोक सिंह, भीमसेन शर्मा, लखन साव, महेंद्र प्रसाद सिंह, अनुपमा देवी, रानी देवी, रेणु देवी, दिनेश विश्वकर्मा, दिलीप स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

### वित्तीय साक्षरता व डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने को ले कार्यक्रम आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 अभियान के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वधान में नीलांबर पीतांबर पुर प्रखंड के जुरु पंचायत में वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रांच मैनेजर अजय पाठक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय परामर्शी अभय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सीएलएफ अध्यक्ष प्रियंका देवी, बीपीएम, शिव कुमार उपाध्याय, मनीषा कुमारी, सीसी अंकित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक शिव कुमार उपाध्याय तथा मनीषा कुमारी के द्वारा वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेन देन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रबंधक शिवकुमार उपाध्याय ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत के सखी मंडल की दीदियों तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में वित्तीय परामर्शी अभय कुमार और प्रमोद कुमार के द्वारा सोशल सक्योरिटी स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर कंचन मेहरा, सपना कुमारी, पायल कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### परिषद ने सतबरवा गर्ल्स स्कूल में किया विचार संगोष्ठी का आयोजन



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू द्वारा सतबरवा गर्ल्स हाई स्कूल में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती पर अंकू कुमार की अध्यक्षता में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार संगोष्ठी में विद्यालय के प्राचार्य बिहारी साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द मेहता एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य बिहारी साहू ने कहा कि पूर्व में भी विद्यार्थी परिषद द्वारा महापुरुषों के जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है और आज भी परिषद इस क्षेत्र में कार्यरत है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द मेहता ने कहा कि बाबा साहब एक व्यक्ति नहीं विचार हैं। वहीं बाबा साहब की जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम भी जारी किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः कशिश प्रवीण, सना आफरीन एवं आंचल कुमारी ने प्राप्त किया। इन तीन प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल से पुरस्कृत किया गया। इस विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में नीरज कुमार, रमेश कुमार सहित स्कूल के शिक्षक एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थें।

### झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक सहायक अध्यापक मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**रांची/मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक सहायक अध्यापक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव, परियोजना निदेशक एवं प्रशासी पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि इपीएफ, सेवानिवृत्ति या मृत्यु पर एकमुश्त न्यूनतम पांच लाख, अनुकंपा पर आश्रित को नौकरी एवं पेंशन। मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो इन प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करके फाइल को आगे बढ़ाया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि निम्न प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दिलवाकर पूर्व शिक्षा मंत्री के सपनों को साकार करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रतिनिधिमंडल को प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा ने बताया कि इपीएफ, पेंशन, अनुकंपा और सेवानिवृत्ति या मृत्यु की स्थिति में एकमुश्त 500000 का प्रस्ताव संबंधित सभी विभाग से स्वीकृत होकर अब सिर्फ कैबिनेट में जाने वाला है। अब कभी भी कैबिनेट से स्वीकृत हो जाएगा।

### डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट, छात्रों का चयन

**मेदिनीनगर।** डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में कागेनीटो पीवीटी लिमिटेड बेंगलूरू द्वारा ऑन लाईन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस सलेक्शन में कॉलेज के 2019-23 बैच के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को शामिल किया गया। कागनीटो कंपनी के अधिकारी रोहित सरीन व कार्यपालक निदेशक भानू शेखर ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का दो चरणों में विश्लेषण कर एक छात्र विद्यासागर सिंह का चयन किया। कैंपस सेलेक्शन आयोजन में डीएवी आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य डा संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए कॉलेज प्रबंधन हमेशा तत्पर है। उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रबंधन अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों से वार्ता कर रही है।

### पीड़िता को पीडीजे ने दिया छह लाख का चेक

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता को छह लाख रुपये का चेक प्रदान किया। विदित हो कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत यह राशि प्रदान की गई है। विदित हो कि पीड़िता मानसिक रूप से दिव्यांग थी। मौके पर पीड़िता के माता-पिता भी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

# दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, धीमी प्रगति पर सांसद बीडी राम ने जतायी नाराजगी

- पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बगैर उनके द्वारा उद्घाटन शिलान्यास किए 18 मामलों को उठाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद राम ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। ऐसे सभी अधिकारियों को उपायुक्त दोड्डे ने संबंधित विषय पर तेज गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को लेकर अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, कब्रिस्तान की चारदीवारी एवं अन्य तरह के योजनाओं का उदघाटन/शिलान्यास की जानकारी विभाग द्वारा नहीं दिये जाने का मामला उठाया। इसी कड़ी में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने भी अपने पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐसे ही कुल 18 योजनाओं का संचालन बगैर उनके शिलान्यास/उदघाटन करने का मामला उठाया। इसी तरह बैठक में पीडीएस डीलर से संबंधित मामला उठाया गया।

#### बैठक में पेयजल की विशेष रूप से हुई समीक्षा

बैठक में अध्यक्ष ने गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की विशेष रूप से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बारालोटा जलापूर्ति योजना से रेगुलर जलापूर्ति हो इस पर बल दिया। इस दौरान पांकी विधायक ने नीलांबर-पिताम्बरपुर व पांकी में भी जलापूर्ति नहीं किये जाने का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए पेयजल के कार्यपालक अभियंता ने बोरिंग सुख जाने के कारण जलापूर्ति बाधित होने की बात कही। इस पर उपायुक्त दोड्डे ने कार्यपालक अभियंता को दोनों ही स्थानों पर डीप बोरिंग कर जलापूर्ति को नियमित करने की बात कही।

#### महापौर ने उठाई कोयल नदी में बांध निर्माण का मामला



बैठक में महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर कोयल नदी में 5 फीट बांध बांधने की बात मजबूती से उठाई है। महापौर ने कहा कि शहर में पानी का लेयर बहुत नीचे जा रहा है इसका एकमात्र विकल्प मिनी बांध है जिसमें पानी स्टोरेज होने के चलते पूरे शहर में पानी का लेयर आ जाएगा। महापौर ने ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर की मांग की है जिसे अध्यक्ष ने पहल करने का भरोसा

#### विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक सुविधा केंद्र खोलने का निर्देश

बैठक में बिजली विभाग से संबंधित फर्जी बिल, दो-दो कनेक्शन व अधिक बिल से संबंधित मामला भी प्रकाश में आया। इस मामले में पलामू सांसद बीडी ने कहा कि ऐसी शिकायतें सभी जगह से प्राप्त होते रहती हैं इसपर उपायुक्त ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को जिले के प्रत्येक प्रखंडों में विभाग से जुड़े समस्याओं का निराकरण हेतु एक-एक सुविधा केंद्र खोलने की बात कही। इस कार्य हेतु बीडीओ भी सहयोग करेंगे ब्लॉक के किसी एक कर्मचारी को नोडल के रूप में नामित करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, अधिकारी इसका ख्याल रखें। बैठक में सांसद ने अन्य सभी अलग-अलग विभागों की समीक्षा के दौरान जानकारियों से अवगत हुए। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। बैठक में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक पुलिस अधीक्षक, सभी प्रखंड प्रमुख, महापौर, जिला परिषद अध्यक्ष, चतरा सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य सभी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुस्लिम बस्ती में दो दिन अतिरिक्त पानी मिलेगा : महापौर

## ईद में हर मस्जिदों के बाहर पानी के टैंकर लगेंगे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने मुस्लिमों के सबसे बड़े पर्व ईद को ध्यान में रखते हुए हर मुस्लिम आबादी वाले वार्ड में पूर्व में मिल रहे पांच-पांच टैंकर पानी के अतिरिक्त 21 एवं 22 अप्रैल को 2/2 टैंकर अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। महापौर ने यह भी निर्देशित किया है कि ईद के दिन निगम क्षेत्र के सभी मस्जिदों के बाहर निगम द्वारा पीने के लिए स्वच्छ पानी का टैंकर सुबह लगा दी जाए तथा हर मस्जिद के बाहर विशेष सफाई की व्यवस्था की जाए। महापौर ने गुरूवार को मुस्लिम वार्ड का दौरा भी किया और टैंकर द्वारा दिए जा रहे हैं पानी की व्यवस्था को भी देखा। महापौर ने बताया यथासंभव पानी हर वार्ड में दिया जाए इसके लिए लगातार कोशिश कर रही हूं। चुकी मुस्लिमों का सबसे बड़ा यह त्यौहार है और काफी लोग बाहर से अपने घर वापस ईद पर आते हैं इसलिए पानी का खपत बढ़ जाता है। इसलिए मैंने पानी बढ़ाने का निर्देश दिया है ताकि इस पाक साफ त्यौहार को हमारे मुस्लिम भाई स्वच्छता से मना सके।

# अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निशानदेही पर चोरी की अट्ठारह मोटरसाइकिल बरामद

बाइक चोरी करने वालों से और बाइक हो सकते हैं बरामद : ऋषभ गर्ग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय से लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटना में इजाफा हो गई थी। जिससे पुलिस काफी परेशान रह रही थी। इसमें पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पांकी थाना क्षेत्र से चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार की है। इन चारों के पास से और चारों के निशानदेही पर पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चोरी के अट्ठारह मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मोटरसाइकिल चोर अंतर जिला स्तरीय हैं जो एक दूसरे जिला से मोटरसाइकिल को चुराकर दूसरे जिला में ले जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना प्राप्त थी की चतरा एवं लातेहार जिला से चोरी का मोटरसाइकिल लाकर पाकी थाना क्षेत्र एवं मनिका थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। ग्राम रंगाई निवासी जमीदार यादव के पुत्र मंटू यादव, ग्राम चापी कला निवासी रियासत अंसारी के पुत्र मिनहाज अंसारी, ग्राम रतनपुर निवासी स्व चनारीक मिस्त्री के पुत्र सुनील विश्वकर्मा, ग्राम डंडार कला निवासी उदय मोची के पुत्र मनदीप कुमार उर्फ मोनू कुमार सभी पाकी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिन्हें पुलिस गिरफ्तार की है। उन्होंने कहा कि अमित साव पिता नंदलाल साव, रमाजीत कुमार उर्फ रंजीत कुमार, पिंटू रविदास, गोल्डन अंसारी जो सभी फरार है। गर्ग ने बताया कि इन चोरों का मास्टरमाइंड गोल्डन अंसारी जो पांकी का ही रहने वाला है वह भी फरार है। छापेमारी दल में पाकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, कुंदन कुमार पासवान, भोला राम, महताब आलम, भर्दुल पासवान, आरक्षी आशीष कुमार यादव, उपेंद्र कुमार मेहता, विभव शुक्ला, देव कुमार पाठक, आशीष कुमार शुक्ला, मीना कुमारी, प्रमिला कुवर ,रामचंद्र गोप शामिल थे।

### बिश्रामपुर : धारदार हथियार से एक की हत्या



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर थाना अंतर्गत भंडार पंचायत के टोना गांव निवासी रामसेवक पांडेय (52) की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई। जिसके बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर एमएचसीएच भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामसेवक पांडेय बुधवार को अहले सुबह घर से महुआ चुनने के लिए निकले थे लेकिन उसके बाद वे घर वापस नहीं पहुंचे। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह गांव किनारे बरवा नाला के पास उनका शव देखा गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक अजय कुमार व बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा। पुलिस द्वारा घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड भी मंगवाया गया था लेकिन इससे भी कुछ हासिल नहीं हो पाया। अभी तक पुलिस को घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण पर कार्यक्रम आयोजित

**राजकुमार सिंह**





**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम ढाचाबार बृद्धखैरा में गुरुवार को बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण और भव्य संस्कृति कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश नरायन यादव और सभी सम्मनित अतिथियों ने सामुहिक रूप से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माला एंव पुष्प अर्पित कर प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश राम ने की और संचालन पूर्व विधायक संजय यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जय प्रकाश नारायण यादव ने कहा बाबा साहब के दिए संविधान के बदौलत ही हम सभी आज कुछ बोल पा रहें है। अंबेडकर ने समाज में फैले भेदभाव को मिटाकर समता मुलक समाज स्थापित किया था। वहीं बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बाबा साहब के दिए मंत्र शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो, को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने भी अंबेडकर के आदर्शों पर प्रकाश डाला। मौके पर भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव एंव चंदन यादव ने कार्यक्रम में लोगों को गीत संगीत के माध्यम से खूब झुमाया। मौके पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, कमल किशोर, डीएसपी सुरजीत कुमार, मोहन विश्वकर्मा, विकास दुबे, धीरेन्द्र सिंह, अशर्फी चंद्रवंशी, रंजन यादव, कमल किशोर, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, सुभाष प्रसाद यादव, विकास यादव, मनीष कुमार, मिथलेश बैठा, अजय बैठा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद अनुराग शुक्ला





**मेदिनीनगर।** शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पुण्यतिथि पर पलामू ने उन्हें याद किया। 19 अप्रैल की शाम वार्ड नंबर एक के सिंगरा खुर्द स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया और शहीद स्मारक व प्रतिमा स्थल परिसर में शहीद के नाम दीप जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शहादत पर शहीद अनुराग के परिवारजनों द्वारा वस्त्र का भी वितरण किया गया। सिंगरा खुर्द गांव निवासी जितेंद्र शुक्ला के पुत्र अनुराग शुक्ला राजस्थान के श्री गंगानगर के श्रीकर्णपुर में डियूटी के दौरान उस वक्त शहीद हो गये थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि शहीद अनुराग पलामू के शान हैं। देश दुनिया उन्हें हमेशा याद करेगी। उन्होंने कहा कि हमसबों के द्वारा ईमानदारी से काम करना अनुराग की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि अनुराग के शहादत को आज गर्व से याद कर रहे हैं। पिता की सोच को सराहा कि वे अपने एकलौते पुत्र को देश सेवा के लिए भेजा। उनकी शहादत युवाओं में देशभक्ति की प्रेरणा देती है। उन्होंने डिफेंस/एनडीए/सीडीएस की तैयारी को लेकर अनुराग के नाम पर एक पुस्तकालय एवं एक बेहतर तोरणद्वार का निर्माण कराने की घोषणा की। सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि अनुराग के बलिदान से सीख लेने की जरूरत है। इस प्रकार के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति का होना बड़ी बात है। शहीद के पिता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि शहीद की जयंती एवं पुण्यतिथि हर वर्ष मनाया जायेगा। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने भी अनुराग के शहादत को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की बातें कही। संगीतकार राजा ने शहीद के शहादत पर देशभक्ति गानों से लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पाण्डेय उर्फ एपी लक्की ने किया। मौके पर डिप्टी मेयर मंगल सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, मनोज सिंह, अविनाश देव, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, जगन्नाथ प्रसाद सिंह सहित शहीद अनुराग शुक्ला के पिता जितेन्द्र शुक्ला, संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, परसुराम शुक्ला, लव शुक्ला, अरविंद शुक्ला, चंद्रदीप शुक्ला, दिलीप शुक्ला, उमेश पासवान सहित जिले के कई पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवि एवं पूर्व सैनिकों ने शहीद स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित की और शहीद के संबंध में अपने विचार रखे।

### सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बालू के मुद्दे पर राज्यपाल से मिला बालू की कालाबाजारी से निर्माण कार्य बाधित : कर्नल संजय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें मनोज शर्मा , भुनेश्वर प्रसाद सिंह,अजय सिंह, सुधीर सिंह पूर्व सैनिक, लालधन ठाकुर, सत्यनारायण यादव राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर पलामू जिले में बालू की कालाबाजारी और किल्लत से अवगत कराया। मौके पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि पलामू जिला अन्तर्गत हजारों प्रधानमंत्री योजना के लाभुक उक्त योजना का पैसा लेने के बाद भी अपने आवास का निर्माण कार्य बालू नहीं मिलने की वजह से पूर्ण नहीं कर पा रहे है। पहले इस क्षेत्र का बालू बाहर भेजा गया है परंतु अभी एकाएक इस पर रोक लगाने की वजह से एक तरफ जहां लाभुक चार गुना ज्यादा कीमत पर तस्करी का बालू खरीदने को बाध्य है वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने से लाभुकों को आवास हेतु दी हुई राशि ब्याज के साथ वसूलने के साथ साथ प्राथमिकी की भी धमकी दी जा रही है। उन्होंने राज्यपाल से सभी मांगों पर पहल करने की मांग की है।

### नवाहन परायण पाठ महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य दीप ज्योति यात्रा



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड के पथरही गांव में श्रीराम चरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ को लेकर गुरूवार को दोपहिया वाहनों से भव्य दीप ज्योति यात्रा निकाली गई। पथरही गांव स्थित यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई यह यात्रा ग्राम के लेस्लीगंज कोट खास, कुराईनपतरा , गोपालगंज सहित कई मंदिर शिवाला भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञस्थल पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीपज्योति यात्रा संपन्न किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार दुबे ने बताया कि दीप ज्योति यात्रा के साथ संध्या में अखंड कीर्तन एवं 21 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ पाठ प्रारंभ तथा रामायण पाठ एवं बाहर से आए विद्वानों द्वारा रोज रात्रि में प्रवचन ,संध्या भजन किया जायेगा। 29 अप्रैल को यज्ञ पूणार्हुति एवं मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। दीप ज्योति यात्रा में उपाध्यक्ष चिंटू दुबे,सचिव अंजनी दुबे, उपसचिव श्यामकिशोर दुबे, कोषाध्यक्ष रामनारायण दुबे, उपकोषाध्यक्ष त्रिभुवन दुबे,नवनीत दुबे, मुरलीधर दुबे,अरविंद दुबे, अरुण दुबे, अजीत कश्यप, प्रमोद राम, पिंटू कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।**

### अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण और मारपीट कर फेंक देने का आरोप

**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी के योगेश सिंह ने अपने भतीजा नंदन कुमार सिंह का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए छः सात अज्ञात लोगों पर पड़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 18 अप्रैल को दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे किसी व्यक्ति ने फोन कर मुख्य पथ के पास बुलाया। आरोप है कि जैसे ही नंदन मुख्य पथ के पास गया वहां पहले से खड़े एक व्यक्ति से बात कर ही रहा था तभी पड़वा के तरफ एक स्कार्पियो आया उसमें बैठे लोग उतर कर नंदन के साथ मारपीट करते हुए जबरन स्कार्पियो में बैठाकर पड़वा मोड़ के तरफ भागने लगे तभी आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पड़वा पुलिस को दिया गया।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् के अलंकरण समारोह का आयोजन

### विद्यार्थी परिषद् का गठन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने किया। समारोह में विद्यालय के हेड बॉय सक्षम कुमार कक्षा- बाहरवीं, हेड गर्ल सानिया फॉतिमा कक्षा-बारहवीं तथा स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर हर्ष राज कक्षा-बारहवीं सहित तथा सभी सदन के कप्तानों का चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बैज तथा सैसे से अलंकृत किया। समारोह में विद्यालय के चारों सदनों के लिए कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान तथा लिटरेरी कप्तान का चयन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने पदधारकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने कार्य को सुचारू रूप से करने का संकल्प ग्रहण करवाया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदारी देने से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास तथा जिम्मेदारी का एहसास होता है, नेतृत्व विकास के साथ ही समयबद्धता, सकारात्मक विचार, विनम्रता, आत्मविश्वास, रचनात्मकता आदि का भी विकास विद्यार्थियों में होता है। उन्होंने सभी पदधारकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक नीलकान्त चौहान, शिक्षिकाएं अनिता कुमारी, लिली मार्गेट और प्रियंका कुमारी की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



**पद बायरन हाउस इलियट हाउस**

1. कप्तान विकास रंजन (दसवीं) प्रणव पाठक (नवीं)
2. उपकप्तान अर्पिता पाठक (दसवीं) मिशा गायकवॉड (दसवीं)
3. स्पोर्ट्स कप्तान (बॉय) साहिल कुमार (नवीं) एम डी दानिश खान (दसवीं)
4. स्पोर्ट्स कप्तान (गर्ल) आयुषी कुमारी (नवीं) रितिका सिंह (नवीं)
5. लिटरेरी कप्तान वन्दना पाठक (बारहवीं) समीक्षा सिंह (दसवीं)
6. कल्चरल सेक्रेटरी श्रेया कुमारी (आठवीं) आकृति सिंह (नवीं)

**पद कीट्स हाउस शेक्सपीयर हाउस**

1. कप्तान प्रभात रंजन (दसवीं) उमा शंकर (दसवीं)
2. उपकप्तान नैशा मुकेश सिन्हा (नवीं) श्रेया कुमारी (नवीं)
3. स्पोर्ट्स कप्तान (बॉय) रॉकी सिंह (बारहवीं) विशाल रंजन (नवीं)
4. स्पोर्ट्स कप्तान (गर्ल) ऐश्वर्य नयन (नवीं) श्रेया पाठक (बारहवीं)
5. लिटरेरी कप्तान आस्था शर्मा (नवीं) नन्दिनी सिंह (बारहवीं)
6. कल्चरल सेक्रेटरी रम्भा कुमारी (दसवीं) रुशदा आलम (नवीं)

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारी में जुटी

महासंरक्षक अर्जुन पांडेय ने की शोभा यात्रा की तैयारी की समीक्षा



**युवा वाहिनी के महा संरक्षक अर्जुन पांडेय शोभायात्रा की तैयारी पर समीक्षा करते।**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 22 अप्रैल को निकाली जायेगी। इसे लेकर तैयारी अब अंतिम चरण में है। शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए युवा वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्य काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में प्रतिदिन संध्या में बैठक कर समीक्षा की जा रही है। प्रदेश कार्यालय में काफी गहमागहमी देखी जा रही है। युवा वाहिनी के महा संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) खुद से पूरे आयोजन पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी लगातार सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन को मूर्त रुप देने में लगे हुए हैं। जबकि युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी पूरे आयोजन को मार्गदर्शित करते दिखाई दे रहे हैं। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए युवा वाहिनी के नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, चंदन तिवारी, विकास दुबे, ज्ञानेश तिवारी, लल्लू पांडेय, शैलेश तिवारी, गोविन्द दुबे, विक्रांत त्रिपाठी, सुशील तिवारी, अनील दुबे, शैलेश तिवारी, फोटू दुबे, संजीत तिवारी, हरिशंकर दुबे, शिशू दुबे, रवि ओझा, बबल पांडेय सहित सैकड़ों सदस्यों ने एक अभियान चलाया और प्रमंडल के लगभग गांव में पहूंचने का प्रयास किया है।





# विराट-फाफ की फिफ्टी और सिराज के चौके से पंजाब के 'शेर' हुए ढेर

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.043 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.709 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.265 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.192 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 3 | 6 | -0.068 |
| मुंबई | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.164 |
| पंजाब | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.298 |
| कोलकाता | 6 | 2 | 4 | 4 | +0.214 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.798 |
| दिल्ली | 6 | 1 | 5 | 0 | -1.183 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद सिराज
बेंगलुरु
विकेट: 12

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 343




**एजेंसी**

**मोहाली।** अपने ओपनर्स के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल के 27वें मैच में मात दी। आरसीबी की ये सीजन में छह मैच में तीसरी जीत है जबकि पंजाब की इतने ही मैच में तीसरी हार। बैंगलोर की जीत में कार्यवाहक कप्तान विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस ने शानदार अर्धशतक जड़े तो मोहम्मद सिराज ने चार विकेट चटकाए। टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए बैंगलोर ने स्कोरबोर्ड पर चार विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए थे। जवाब में पूरी पंजाबी टीम 18.2 ओवर में महज 150 रन पर ही सिमट गई और लक्ष्य से 24 रन दूर रह गई।

#### सिराज की घातक गेंदबाजी

पंजाब किंग्स ने अपना रन चेज शुरू किया ही था, तभी सिराज ने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर विकेट झटक लिया। जोरदार अपील को अंपायर नहीं जरूर ठुकराया, लेकिन कप्तान विराट ने डीआरएस लेने में गलती नहीं की और टीवी अंपायर ने एलबीडब्ल्यू की अपील को सही पाते हुए नए बल्लेबाज अथर्व को आउट दे दिया। तीसरे, चौथे और छठे ओवर तक तो पंजाब अपने चार अहम बल्लेबाजों को खो चुका था, जिसमें मैथ्यू शॉर्ट्स, लियाम लिविंगस्टोन और हरप्रीत भाटिया शामिल थे। 10वें ओवर में कप्तान सैम करन भी रन आउट हो गए। कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं पाया। प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 30 गेंद में 46 रन बनाए। चार विकेट लेकर सिराज ने पर्पल कैप हथियाया जबकि वानिंदु हसरंग को दो विकेट मिले। हर्षल पटेल और वेन पर्नेल ने एक-एक शिकार किए।

#### विराट-फाफ की आतिशी पारी

फाफ डुप्लेसिस ने 56 गेंद में पांच छक्कों और पांच चौकों से 84 रन की पारी खेली तो उनकी जगह कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने 47 गेंद में पांच चौके और एक छक्का मारते हुए 59 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी हुई। इस जोड़ी के 17वें ओवर में टूटने के बाद टीम का कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया। पंजाब की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार सबसे सफल रहे जिन्होंने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह और नाथन एलिस को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोड़ कार्ड

**बेंगलुरु : 174/4 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली कै. जितेश बो. ब्रार | 59 | 47 | 5/1 |
| डु प्लेसिस कै. करन बो. एलिस | 84 | 56 | 5/5 |
| मैक्सवेल कै. तायडे बो. ब्रार | 00 | 01 | 0/0 |
| कार्तिक कै. तायडे बो. अर्शदीप | 07 | 05 | 1/0 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 07 | 09 | 1/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 05 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12

विकेट पतन: 1-137, 2-137, 3-151, 4-163.

गेंदबाज :अर्शदीप सिंह : 4-0-34-1, हरप्रीत ब्रार : 3-0-31-2, नाथन एलिस : 4-0-41-1, सैम करन : 4-0-27-0, राहुल चाहर : 4-0-24-0, लियाम लिविंगस्टन : 1-0-9-0.

**पंजाब:150/10 (18.2ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| तायडे एलबी डब्ल्यू सिराज | 04 | 02 | 1/0 |
| प्रभसिमरन सिंह बो. पार्नेल | 46 | 30 | 3/4 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो. वानिंदु हसरंगा | 08 | 07 | 0/1 |
| लिविंगस्टन एलबी डब्ल्य सिराज | 02 | 04 | 0/0 |
| हरप्रीत सिंह रन आउट | 13 | 09 | 1/1 |
| सैम करन रन आउट | 10 | 12 | 1/0 |
| जितेश कै. अहमद बो. पटेल | 41 | 27 | 3/2 |
| शाहरुख स्टंप कार्तिक बो. हसरंगा | 07 | 05 | 0/1 |
| हरप्रीत ब्रार बो. सिराज | 13 | 13 | 1/0 |
| नाथन एलिस बो सिराज | 01 | 02 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

अतिरिक्त :05

विकेट पतन: 1-4, 2-20, 3-27, 4-43, 5-76, 6-97, 7-106, 8-147, 9-149, 10-150.

गेंदबाज: मोहम्मद सिराज : 4-0-21-4, वेन पार्नेल : 3-0-32-1, वानिंदु हसरंगा : 4-0-39-2, विशक विजय कुमार : 3-0-29-0, ग्लेन मैक्सवेल : 1-0-5-0, हर्षल पटेल : 3.2-0-22-1.

## 30 रन बनाते ही कोहली ने रचा विराट इतिहास



**मोहाली।** आइपीएल 2023 का जब 27वां मैच मोहाली क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के बीच शुरू हुआ तो एक बड़ी खबर मिली। यह खबर थी विराट कोहली को कप्तानी मिलने की। फाफ डु प्लेसिस इस मैच में कप्तानी करने नहीं उतरे, उनकी जगह विराट कोहली मैदान पर टॉस करने के लिए उतरे। इस बीच कोहली ने ना सिर्फ कप्तानी पारी खेली, बल्कि आइपीएल में एक नया इतिहास भी रच दिया। दरअसल, कोहली ने मैच में 30 रन बनाते ही एक और इतिहास रच दिया है। विराट आइपीएल इतिहास में ऐसे पहले खिलाड़ी बन गये है, जिन्होंने कुल 100 मैचों में 30 या इससे अधिक रनों की पारी खेली। कोहली के अलावा कोई भी खिलाड़ी ये उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। कोहली ने 47 गेंदों में 59 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। इस बीच कोहली ने आइपीएल में अपने 600 चौके भी पूरे कर लिए हैं। अब उनके नाम 221 पारियों में 602 चौके दर्ज हो चुके हैं। बता दें कि इस मामले में सबसे आगे पंजाब किंग्स के कप्तान बने हुए हैं, जो 209 पारियों में 730 चौके लगा चुके हैं। वहीं कोहली दूसरे स्थान पर हैं।

## हार के बाद भी सैम ने नहीं खोया उत्साह, बोले - हम शनिवार को वापसी करेंगे

**मोहाली।** गुरुवार को आईपीएल 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को 24 रनों से मात दी। मैच में पंजाब की हार के बाद कप्तान सैम करन ने कहा कि टीम ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन बल्लेबाजी से उम्मीद के मुताबिक नतीजा नहीं मिला। इसके साथ उन्होंने कहा कि वह शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में वापसी के लिए तैयार हैं।

**विराट कोहली ने कहा :** मुझे लगा कि एक समूह के रूप में हमने अच्छी गेंदबाजी की। जिस तरह से उन्होंने खेला, उसके लिए फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली को श्रेय जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि हमने गेंदबाजी से उनको ज्यादा मौका नहीं दिया, लेकिन हम बल्ले से काफी अच्छे नहीं थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की, हमने काफी विकेट गंवाए, कुछ रन आउट भी हुए। बारिश भी एक वजह थी। विकेट आज अच्छा था, हम शायद पीछे मुड़कर कुछ खिलाड़ियों के आउट होने पर पछताएंगे, लेकिन हम शनिवार को वापस आएंगे।

## गोंजाल्विस ने कहा, धवन को ठीक होने में दो से तीन दिन और लगेंगे

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच ट्रेवर गोंजाल्विस ने कहा है कि नियमित कप्तान शिखर धवन की उपलब्धता के लिए दो से तीन दिन और इंतजार करना होगा जिससे इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। धवन को 13 अप्रैल को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। उन्होंने अब तक चार मैचों में 116.50 के औसत से 233 रन बनाए हैं। धवन की चोट के बारे में पूछे जाने पर गोंजाल्विस ने मीडिया से कहा, इसमें लगभग 2-3 दिन और लगने चाहिए।

# डेविड वॉर्नर की कप्तानी पारी के दम पर दिल्ली ने चखा जीत का स्वाद

## लगातार पांच हार झेलने के बाद दिल्ली ने कोलकाता को चार विकेट से हराया



**नयी दिल्ली।** अपने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2023 में पहली जीत हासिल कर ली है। टीम को इससे पहले खेले सभी 5 मैचों में हार मिली थी। दिल्ली ने केकेआर पर 4 विकेट से जीत हासिल की। टॉस हारने के बाद खेलने उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स को दिल्ली के गेंदबाजों ने 127 रन पर रोक दिया। जवाब में दिल्ली के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर ने 33 गेंदों पर फिफ्टी लगाई। लेकिन स्पिनर गेंदबाजों ने केकेआर की वापसी करवा दी। आखिरी ओवर में दिल्ली ने लक्ष्य को 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कोलकाता की यह लगातार तीसरी हार है।

**आखिरी ओवर में रसेल का हैट्रिक छक्का:** केकेआर के लिये सर्वाधिक 43 रन जैसन रॉय ने बनाये जिनकी पारी का अंत 15वें ओवर में कुलदीप यादव ने किया। कुलदीप ने अगली ही गेंद पर अनुकूल रॉय (0) को पगबाधा आउट किया हालांकि हैट्रिक लेने से चूक गए। खराब फॉर्म से जूझ रहे आंद्रे रसेल ने आखिरी ओवर में मुकेश को तीन छक्के जड़कर केकेआर को कुछ सम्मानजनक स्कोर दिया। रसेल 31 गेंद में एक चौके और चार छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे।

### पावरप्ले में गिरे केकेआर के तीन विकेट

केकेआर के लिये इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉय ने मुकेश कुमार को दूसरे ओवर में दो चौके जड़कर टीम को तेज शुरूआत देने की कोशिश की। लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर केकेआर ने लिटन दास (चार) के रूप में पहला विकेट गंवाया। फॉर्म में चल रहे वेंकटेश अय्यर खाता भी नहीं खोल सके और चौथे ओवर में एनरिच नॉर्किया का शिकार बने। केकेआर का स्कोर चौथे विकेट में 25 रन पर दो विकेट था। कप्तान नीतीश राणा को छठे ओवर में ईशांत शर्मा ने पवेलियन भेजा। पावरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद केकेआर पर दबाव बन गया लेकिन दूसरे छोर से रॉय ने ढीली गेंदों को नसीहत देना जारी रखा। मनदीप 12 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार हुए। ह्यवंडर ब्वॉयह्व रिंकू सिंह क्रीज पर आये और अक्षर को चौका जड़कर अपने तेवर जाहिर भी किये। 10वें ओवर में कुलदीप यादव का स्वागत रॉय ने छक्का लगाकर किया। रिंकू से पारी को तेजी देने की उम्मीद थी लेकिन छह रन बनाकर अक्षर की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में ललित यादव को कैच देकर लौटे। आंद्रे रसेल और रॉय ने संभलकर खेला।



## धीमी ओवर गति के लिए राहुल पर लगा जुर्माना

**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आइपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाये रखने के लिये 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आइपीएल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, राहुल के लिये यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित सीजन का पहला अपराध था, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

## देशभर में स्क्रीनिंग आयोजित करेगा लालीगा

**नयी दिल्ली।** स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग लालिगा ने अपने 2022-23 सीजन के समापन से पहले भारत में मैचों की स्क्रीनिंग की घोषणा की है। ला लीगा इंडिया ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि स्क्रीनिंग के सिलसिले की शुरूआत दिल्ली के एरोसिटी में अंडरडॉग्स पर 23 अप्रैल को एफसी बार्सिलोना और एटलेटिको डे मैड्रिड के मुकाबले से होगी, जो भारतीय समयानुसार शाम 7 :45 मिनट पर खेला जायेगा।

## फाइनल में शरत का सामना साथियान से

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष दो पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और जी साथियान पीएसपीबी अंतर संस्थानिक टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में भिड़ेंगे। आईओसीएल के अनुभवी शरत ने सेमीफाइनल में प्रतिभावान युवा खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेस्ट ऑफ सेवन फ्रेम का मुकाबला 4-1 (6-11 11-9 11-9 11-7 11-8) से जीता। एक अन्य सेमीफाइनल में गत राष्ट्रीय चैंपियन ओएनजीसी के साथियान ने टीम के अपने साथी सौरभ साहा को आसानी से 4-0 (11-8, 11-8, 11-6, 11-8) से हराया। महिला सेमीफाइनल में ओआईएल की यशस्विनी घोरपड़े ने ओएनजीसी की दिव्या देशपांडे को कड़े मुकाबले में 4-2 (11-4, 11-8, 3-11, 3-11, 11-6, 11-9) से हराया। वह फाइनल में आईओसीएल की टी रीत रिष्या से भिड़ेंगी जिन्होंने टीम की अपनी साथी जेनिफर वर्गीज को बेहद कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी।

## शमीम खान शीर्ष पर बरकरार

**अहमदाबाद।** दिल्ली के शमीम खान ने गुरुवार को यहां अहमदाबाद ओपन गोल्फ टूनार्मेंट के दूसरे दौर में पार 36 के स्कोर के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। दो बार के पीजीटीआइ ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन का कुल स्कोर पांच अंडर 67 है और उन्होंने इस एक करोड़ रुपये इनामी प्रतियोगिता में एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नोएडा के अमरदीप मलिक (32) और अहमदाबाद के समर्थ द्विवेदी (34) कुल चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। टूनार्मेंट के पहले दो दौर में नौ-नौ होल थे। गुरुवार को 18 होल का खेल पूरा होने के बाद कट एक ओवर 73 पर तय दिया गया जिसे 52 पेशेवर और एक एमेच्योर खिलाड़ी ने हासिल किया। अंतिम दो दौर में प्रत्येक दौर 18 होल का होगा।

## व्यस्ततम हॉकी वर्ष में फिटनेस पर है भारतीय टीम का ध्यान : रोहिदास



**बेंगलुरु।** एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के यूरोप दौरे की तैयारी में जुटे अनुभवी भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास ने गुरुवार को कहा कि व्यस्ततम हॉकी वर्ष में टीम का ध्यान मुख्यत: अपनी फिटनेस बनाये रखने पर केंद्रित है। भारतीय टीम का 39-सदस्यीय कोर ग्रुप यूरोप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबलों के लिये कमर कस रहा है। भारतीय टीम लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपने दौरे की शुरूआत करेगी, जिसके बाद वे नीदरलैंड के आइंडहोवन में अर्जेंटीना और मेजबान नीदरलैंड का सामना करेंगे।

# सीएसके के घर में जीत की पटरी पर लौटेगा सनराइजर्स, चेपॉक में होगा घमासान



**एजेंसी**

**चेन्नई।** चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टक्कर इंडियन प्रीमियर लीग के 29वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ होगा। सनराइजर्स के खिलाफ सीएसके को उम्मीद को होगी कि स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स आखिरकार फिट होकर मैदान पर उतरेंगे। पांव की चोट के कारण स्टोक्स पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन चेन्नई के लिए यह राहत की बात है कि अब वह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। स्टोक्स ने बुधवार को अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर करीबी जीत दर्ज करने के बाद चेन्नई की टीम अपने घरेलू मैदान पर लौट रही है और ऐसे में इंग्लैंड के कप्तान की वापसी से उसे और मजबूती मिलेगी। उसके प्रतिद्वंदी सनराइजर्स को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी के शानदार प्रदर्शन तथा शिवम दुबे की आक्रामक पारी की मदद से चेन्नई ने पिछले मैच में बड़ा स्कोर खड़ा किया था।अजिंक्य रहाणे जिस तरह से बेफिक्र होकर आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे चेन्नई को मजबूती मिली है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए हैं।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं:

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रीटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन , आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन, अनमोलप्रीत सिंह।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा**

# चोट के कारण मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे नडाल

**एजेंसी**



**मैड्रिड।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अभी कूल्हे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और इस कारण वह अगले सप्ताह मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाएंगे। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्होंने जनवरी के बाद कोई टूनार्मेंट नहीं खेला है। चोट के कारण वह इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो और बार्सिलोना टूनार्मेंट में नहीं खेल पाए थे। मैड्रिड ओपन सोमवार से शुरू होगा जिसमें नडाल पांच बार के चैंपियन हैं। नडाल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर स्पेनिश में लिखा, इसके (चोट) कारण मुझे छह से आठ सप्ताह तक बाहर रहना था लेकिन मैं पिछले 14 हफ्ते से बाहर हूं। उन्होंने कहा, हमने चिकित्सकों की राय पर अमल किया लेकिन उन्होंने जैसे कहा था उस तरह से मैं चोट से नहीं उबर पाया और अब हम स्वयं को मुश्किल परिस्थितियों में पा रहे हैं।' छत्तीस वर्षीय नडाल ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि वह 28 मई से होने वाले फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं।

## पेज 1 का शेष

### सैन्य वाहन में आग...

सूत्रों के मुताबिक अचानक से तेज बिजली जैसी चमकी और सैन्य वाहन में आग लग गयी। बताया गया है कि यह हादसा जिस जगह हुआ वह पुंछ जिले से करीब 90 किलोमीटर दूर है। बाद में आतंकी हमले की बात सामने आयी।

### मौत मामले में...

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि 2 जून 2018 से कुछ दिनों तक रिम्स के जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों की चली हड़ताल के दौरान 28 लोगों की मौत हुई थी, मामले में क्या एक्शन लिया गया। इसके अलावा मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं। हड़ताल के जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। कोर्ट ने रिम्स प्रबंधन से भी मामले में जवाब मांगा था। **हड़ताल में 28 की मौत, 35 मरीजों का ऑपरेशन टला, 600 मरीज लौटे थे बिना इलाज :** याचिका में कहा गया था कि 1 जून 2018 को एक पेशेंट की गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था। इस दौरान जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। जिसे लेकर रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी।

### नक्सली से...

**पीएलएफ आइ के चूहा जायसवाल ने भी किया था खुलासा :** फरवरी 2022 में झारखंड पुलिस ने पीएलएफआइ के कुख्यात उग्रवादी अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा जयसवाल को गिरफ्तार किया था। चूहा जायसवाल ने अपने बयान में बताया था कि खूंटी जिला बल का सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप संगठन के कई कामों में मदद करता है। चूहा जायसवाल के अनुसार जब मनोज रनिया थाना में पदस्थापित था उस दौरान वह अपने निजी चालक के साथ संगठन के सुप्रीमो दिनेश गोप के साथ-साथ दूसरे साथियों के साथ मुलाकात करने आता था। वह उग्रवादियों के साथ बैठकर शराब का सेवन भी करता था। साथ ही पुलिस की हर गतिविधि की सूचना भी देता था। बदले में उसे संगठन की ओर से पैसे मिलते थे। पुलिस की गतिविधियों को उग्रवादियों तक पहुंचाने के लिए जिस मोबाइल फोन का प्रयोग मनोज करता था, वह उसे संगठन ने ही उपलब्ध कराया था।

### ईडी के समक्ष...

रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को हथियाने और चेशायर होम रोड की जमीन का फजीर्वाड़ा कर रजिस्ट्री कर जमीन हथियाने को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। **करोड़ नहीं अब अरब पार :** जमीन घोटाले की जांच अब ईडी कर रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार यह घोटाला भी अरब के पार का है। इस घोटाले में बड़े-बड़े लोगों को सिर्फ इसलिए फायदा पहुंचाया गया ताकि आर्मी की बेशकीमती जमीन को हासिल किया जा सके। ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस डील को सिर्फ मैनेज करने के नाम पर ही 50 करोड़ से ज्यादा रुपये बांटे गये। सूत्र बताते हैं कि सत्ता के पावर ब्रेकर कहे जाने वाले प्रेम प्रकाश भी इस डील में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। उसे भी टोकन मनी के तौर पर इस डील में 1 करोड़ से ज्यादा रुपये मिले थे, जब जमीन पर पूरी तरह से कब्जा हो जाता तब एक और बड़ी रकम के साथ साथ जमीन पर बनने वाले प्रोजेक्ट में भी उसकी हिस्सेदारी होती। इन सभी मामलों पर छवि रंजन से पूछताछ की जानी थी।

